NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
सत्यता व निष्पक्षता का पंचम वर्ष
www.nnindianews.com
वर्ष :05, अंक :-141, पृष्ठ : 12 | गुरुवार, 27 नवम्बर, 2025 | मूल्य- 03.00 रुपये मात्र

# प्रदूषण पर निगरानी जरूरी

## दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को लेकर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में बढ़ते वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सख्त तेवर अपनाए। खराब वायु गुणवत्ता के मुद्दे पर दायर याचिकाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 3 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। साथ ही कहा कि यह मुद्दा लगातार निगरानी की मांग करता है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने वरिष्ठ वकील अपराजिता सिंह की इस दलील पर ध्यान दिया कि दिल्ली-एनसीआर में बेहद गंभीर स्थिति बनी हुई है और यह स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात है। सिंह इस मामले में न्यायालय की सहयोगी (एमिकस क्यूरी) के रूप में नियुक्त हैं।

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, न्यायपालिका के पास कौन सी जादुई छड़ी है? हमें पता है कि दिल्ली-एनसीआर के लिए यह स्थिति खतरनाक है। समस्या सबको पता है, मुद्दा यह है कि समाधान क्या हैं। हमें इसकी वजहें पहचाननी होंगी और इसका हल तो विशेषज्ञ ही दे सकते हैं। हम आशा करते हैं कि लंबी



अवधि तक प्रभावी समाधान खोजे जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, हमें बताइए कि हम क्या निर्देश दे सकते हैं? क्या कोई निर्देश देकर हम तुरंत स्वच्छ हवा मिल सकती है? हर क्षेत्र के हालात अलग हैं। देखते हैं कि सरकार ने समितियों के स्तर पर क्या कदम उठाए हैं। यह मामला दीपावली के आसपास औपचारिक तौर पर भी सूचीबद्ध होता है, लेकिन इसकी नियमित निगरानी अब जरूरी है।

बता दें कि 19 नवंबर को अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से कहा था कि दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में नवंबर-दिसंबर में खुले मैदान पर होने वाले खेल आयोजनों को सुरक्षित महीनों तक टालने पर विचार किया जाए। इस दौरान वायु की गुणवत्ता बेहद खराब स्तर पर पाई गई थी। दूसरी तरफ सुप्रीम कोर्ट ने पूरे साल ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) लागू करने के सुझाव को अस्वीकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि यह आपातकालीन ढांचा जरूरत से ज्यादा प्रदूषण होने की स्थिति में कुछ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाता है। अदालत ने इसके बजाय दीर्घकालिक और टिकाऊ समाधानों पर जोर दिया था।

## भारत का पहला प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट तैयार

### पीएम मोदी ने उद्घाटन किया, अगले साल लॉन्चिंग



**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भारत के पहले प्राइवेट ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-कको दुनिया के सामने रखा। इस रॉकेट की ऊंचाई 26 मीटर यानी करीब 85 फीट है। रॉकेट को प्राइवेट स्पेस कंपनी स्काईरूट एयरोस्पेस ने बनाया है। इस रॉकेट को 2026 में लॉन्च किया जाएगा। यह अपने साथ 300 किग्रा सैटेलाइट ले जाने में सक्षम है।

पीएम ने रॉकेट के अलावा कंपनी के नए इनफिनिटी कैंपस का भी इनॉगरेशन किया। इस कैंपस में कई लॉन्च व्हीकल के डिजाइन, डेवलपमेंट, इंटीग्रेशन और टेस्टिंग का काम किया जाएगा। कैंपस तेलंगाना के हैदराबाद में बना है। कंपनी का हेड ऑफिस भी यहीं है। स्काईरूट एयरोस्पेस कंपनी की स्थापना पवन चंदना और भरत ढाका ने 2018 में की थी। यह दोनों क्क्ळ पासआउट हैं और क्रफ्ड के पूर्व साइंटिस्ट रह चुके हैं।

## इंडोनेशिया में लगे 6.4 तीव्रता से भूकंप के झटके

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में भी भीषण भूकंप के झटके लगे हैं। सामने आई जानकारी के मुताबिक, इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर भूकंप के तेज झटके लगे हैं। इस भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 मापी गई है जो कि खतरनाक स्तर का भूकंप माना जाता है। गुरुवार को इंडोनेशिया के आचे प्रांत के पास सुमात्रा द्वीप पर 6.4 तीव्रता का जोरदार भूकंप आया है। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, इस भूकंप का केंद्र हिंद महासागर में 10 किलोमीटर की गहराई में बताया जा रहा है। भूकंप के झटके पूरे क्षेत्र में महसूस किए गए हैं।

### मुजम्मिल का कबूलनामा

## लाल किले से भी बड़ा धमाका करने वाले थे आतंकवादी

**नई दिल्ली।** सुरक्षा एजेंसियों की जांच में लाल किला ब्लास्ट मामले में एक चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। जांच एजेंसियों की केस डायरी में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, विस्फोटक बनाने में एसीटोन (जो नेल पॉलिश रिमूवर है) और पिसी हुई चीनी का इस्तेमाल किया गया था। फरीदाबाद से बरामद विस्फोटक और इस ब्लास्ट का मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि डॉक्टर उमर मोहम्मद था, जिसकी मौत हो चुकी है। जांच से पता चला है कि डॉक्टर उमर मोहम्मद जैश-ए-मोहम्मद का ट्रेंड आतंकी था। उसने देश में अब तक के सबसे बड़े आतंकी हमले की साजिश रची थी।

पकड़े गए आतंकी मुजम्मिल के कबूलनामे के अनुसार, डॉक्टर उमर खुद को 'आमिर' कहता था, जिसका मतलब 'राजकुमार', 'सेनापति' या 'शासक' होता है। मुजम्मिल ने बताया, 'वह खुद को एक शासक-एक



राजकुमार मानता था जो हमेशा दीन की बातें करता था। खुद से ज्यादा काबिल पढ़ा-लिखा वो किसी को नहीं समझता था। डॉक्टर उमर को 9 से ज्यादा भाषाओं का ज्ञान था, जिसमें हिंदी, उर्दू, इंग्लिश, पर्सियन, अरबी, चाइनीज, फ्रेंच शामिल हैं। उमर एक शासक, एक लीडर, राजकुमार खुद को मानता था। उमर की नजर में डॉक्टर अदील एक खजांची था। वह इतना ज्यादा पढ़ा-लिखा और तेज दिमाग था कि वो एक साइंटिस्ट बन सकता था।'





# हांगकांग में भीषण अग्निकांड

## 44 की मौत

### तीन गिरफ्तार, 279 लोग लापता, बचाव कार्य अभी भी जारी

**हांगकांग।** हांगकांग में बुधवार की रात हुए भीषण अग्निकांड में भारी तबाही मची है। इस हादसे में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई और 279 लोग अभी भी लापता हैं। बचाव दल सुबह तक जलती हुए ऊंची इमारतों से लोगों को निकालते रहे। पुलिस ने इस मामले में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है और माना जा रहा है कि इन पर गैर-इरादतन हत्या का केस चलेगा। यह आग बुधवार दोपहर ताई पो जिले के एक आवासीय कॉम्प्लेक्स में लगी, जो न्यू टेरिटरीज का एक उपनगरीय इलाका है। गुरुवार सुबह तक आग पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था और बचाव कार्य जारी था।

बता दें कि आग वांग फुक कोर्ट कॉम्प्लेक्स की 8 में से 7 इमारतों में फैल गई जिसके बाद सैकड़ों लोगों को रेस्क्यू करना पड़ा। इमारतों की खिड़कियों से तेज लपटें और धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा था। अधिकारियों ने बताया कि 44 में से 40 लोगों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। वहीं, कम से कम 62 लोग घायल हुए है जिनमें से कई आग की चपेट में आए तो अन्य को धुएं की वजह सांस की तकलीफ हुई। अधिकारियों को शक है कि ऊंची इमारतों की बाहरी दीवारों पर लगी कुछ सामग्री आग प्रतिरोधी मानकों पर खरी नहीं उतरी, जिसकी वजह से आग इतनी तेजी से फैली।

पुलिस ने कहा कि प्रभावित न होने वाली



एक इमारत के लिफ्ट लॉबी के पास हर मंजिल पर बाहर की तरफ स्टायरोफोम सामग्री मिली, जो बहुत आसानी से जलने वाली है। यह सामग्री एक निर्माण कंपनी ने लगाई थी। पुलिस की सीनियर सुपरिंटेंडेंट ईलीन चुंग ने कहा, 'हमें यकीन है कि निर्माण कंपनी के जिम्मेदार लोग बहुत बड़ी लापरवाही के दोषी हैं।' गिरफ्तार किए गए तीन लोग, जिनकी उम्र 52 से 68 साल के बीच है, कंपनी के डायरेक्टर और एक इंजीनियरिंग सलाहकार हैं। आग पर काबू पाने की बात करें तो, फायर सर्विस डिपार्टमेंट ने बताया कि 4 इमारतों में आग 'काबू में आ रही है'।

शी जिनपिंग ने अग्निकांड पर शोक जताया

अधिकारियों ने कहा कि आग एक 32 मंजिला इमारत की बाहरी स्कैफोल्डिंग से शुरू हुई और फिर अंदर फैल गई। उसके बाद तेज हवाओं की वजह से पास की इमारतों में भी पहुंच गई। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को इस अग्निकांड पर शोक जताया। सरकारी मीडिया के मुताबिक, उन्होंने एक फायरफाइटर की मौत पर दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के परिवारों से हमदर्दी जाहिर की। शहर के चीफ एग्जीक्यूटिव जॉन ली ने कहा कि सरकार इस आपदा को प्राथमिकता देगी और 7 दिसंबर को होने वाले विधान परिषद चुनावों के लिए सार्वजनिक प्रयासों को रोक देगी। उन्होंने चुनाव टालने पर कुछ नहीं कहा, लेकिन बोले कि फैसला 'कुछ दिनों बाद' लिया जाएगा।

आग वांग फुक कोर्ट कॉम्प्लेक्स 8 इमारतों का है, जिसमें लगभग 2,000 अपार्टमेंट हैं और करीब 4,800 लोग रहते हैं, जिनमें कई बुजुर्ग शामिल हैं। यह 1980 के दशक में बना था और हाल ही में बड़ा रिनोवेशन चल रहा था। फायर चीफ्स ने बताया कि घटनास्थल पर बहुत ज्यादा गर्मी की वजह से बचाव कार्य मुश्किल हो रहा था। इमारतों के बाहर बांस की स्कैफोल्डिंग और कंस्ट्रक्शन नेट्स लगे थे, जिनसे ऊंची-ऊंची लपटें और घना धुआं उठ रहा था। करीब 900 लोगों को अस्थायी आश्रयों में भेजा गया है।

# शर्मनाक

## पैसा न चुकाने पर पांच घंटे गिरवी रखा शव, 25000 देने पर सौंपा

**झांसी।** मेडिकल अस्पताल के गेट नंबर चार के पास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है। हादसे में घायल युवक के परिजनों से अस्पताल ने उपचार के नाम पर 1.07 लाख रुपये जमा करा लिए।

युवक की मौत के बाद परिजनों से 77 हजार रुपये अलग से जमा करने की मांग करने लगे। परिजनों के पैसा न होने की बात कहने पर शव देने से इनकार कर दिया। कई घंटे मान-मनौव्वल का दौर चला। पांच घंटे बाद गांव से पहुंचे लोगों ने 25 हजार रुपये देने के साथ काफी मिन्नतें की तब जाकर अस्पताल प्रशासन ने शव उनके हवाले किया। परिजन जब शव लेकर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे, तब यह बात सामने आई।

परिजन पोस्टमार्टम कराने के बाद शव लेकर गांव लौट गए। उधर, पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। ललितपुर के नाराहट गांव निवासी दिनेश कुशवाहा (27) प्राइवेट काम करता था। उसके परिजनों ने बताया कि 19 नवंबर को दिनेश बाइक से बहन से मिलने उसके परौल स्थित गांव जा रहा था। बरौदिया गांव पहुंचने पर मिट्टी के ब्रेकर में उसकी बाइक असंतुलित होकर गिर गई। उसके सिर में गहरी चोट आई।

हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने दिनेश को झांसी मेडिकल अस्पताल रेफर कर दिया। प्राइवेट एंबुलेंस से दिनेश को झांसी लाया गया। यहां एंबुलेंस चालक ने मेडिकल अस्पताल के बजाय प्राइवेट में इलाज कराने की सलाह दी। एंबुलेंस चालक ही मेडिकल अस्पताल के गेट नंबर चार के सामने स्थित प्राइवेट अस्पताल लेकर पहुंचा। दिनेश को भर्ती कर लिया गया। शुरूआत में 37 हजार रुपये जमा कराए गए। 6 दिन में 60 हजार रुपये की दवा मंगाई। मंगलवार शाम उसकी मौत हो गई।

# रेलिंग तोड़ते हुए रेलवे ट्रैक पर गिरा मौरंग लदा डंपर... हिल गई गरीब रथ एक्सप्रेस

**बाराबंकी।** बाराबंकी के रामनगर से फतेहपुर जाने वाले मार्ग पर अगानपुर गांव के पास बुधवार रात मौरंग लदा तेज रफ्तार डंपर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए करीब 30 फीट नीचे रेलवे लाइन पर गिर गया।

पास ही दूसरी लाइन से गुजर रही गरीब रथ एक्सप्रेस के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोक ली। हादसे के चलते ओवरहेड बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

इससे बुढ़वल-गोंडा रेलमार्ग ठप हो गया। वहीं, करीब 45 मिनट बाद चालक को डंपर काटकर गंभीर हालत में अस्पताल भेजा गया। सीओ गरिमा पंत के अनुसार रात करीब 9:12 बजे फतेहपुर की ओर से आया डंपर अमृतसर से बिहार जा रही गरीब रथ एक्सप्रेस के ठीक बगल में गिरा। इससे जोरदार धमाके के साथ ट्रेन हिल गई। चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी। इसके बाद यात्री अनहोनी की आशंका में ट्रेन से बाहर की ओर भागे। सामने रेलवे ट्रैक पर डंपर गिरा देख राहत की सांस ली। डंपर चालक मलबे में फंसा था। उसकी पहचान गोंडा के करनैलगंज के मनिहारी गांव निवासी पंकज कुमार के रूप में हुई।

डंपर गिरने से रेलवे की ओवरहेड





बिजली लाइन (ओएचई) पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इससे बुढ़वल-गोंडा रेलमार्ग पर ट्रेनों की आवाजाही तत्काल ठप हो गई। बुढ़वल जंक्शन पर सीतापुर से आने वाली लाइन, गोरखपुर-बिहार जाने वाली मेन लाइन और बाराबंकी-लखनऊ की लाइनें जुड़ती हैं।

इस मार्ग से पूरे दिन 150-170 ट्रेनें गुजरती हैं। ऐसे में ओएचई लाइन टूटने के बाद एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और पैसेंजर ट्रेनें को रोकना पड़ा। रूट डायवर्जन से सबसे अधिक दिक्कत सीतापुर रूट से आने वाली ट्रेनों को हुई। ओएचई लाइन टूटने से यहां परिचालन संभव नहीं है। इस सेक्शन को दुरुस्त करने के लिए देर रात तक टीमें लगी रहीं। बिहार के सहरसा निवासी पिंटू ने बताया कि हम लोग ट्रेन के दरवाजे पर बैठे थे कि अचानक जोरदार आवाज हुई। हम सभी चौंक गए। देखे तो पुल की टूटी रेलिंग व उल्टा डंपर दूसरी रेलवे लाइन पर पड़ा था। ऊपर से चिंगारियां निकल रही थीं। ओवरहेड तार टूटकर जमीन पर गिर रहे थे। पहले तो लगा कोई बड़ा विस्फोट हो गया।

स्वामी वीरेन अग्रवाल प्रकाशक विवेक खंडेलवाल मुद्रक इम्प्रेशन प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग लिमिटेड, सिकंदरा रोड, गुरु का ताल, आगरा से मुद्रित एवं बृज वैलबिल्ट प्राइवेट लिमिटेड, फ्लैट 302 तीसरी मंजिल ब्लॉक E /11/8 संजय प्लेस आगरा से प्रकाशित। **RNI Registration No., UPHIN/2021/88376।** प्रधान संपादक अरविन्द सिंह। चेयरमैन-स्वतंत्र कुमार। प्रबंध निदेशक ब्रजेश सिकरवार। E MAIL newsnextindia1@gmail.com, Website:-www.nnindianews.com
(प्रधान संपादक इस अंक में समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी है)

NNI
हर खबर पर पक्की नजर
मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज
दैनिक हिन्दी समाचार पत्र
न्यूज नेक्स्ट इण्डिया
अपना ब्रज
www.nnindianews.com
गुरुवार, 27 नवम्बर 2025


# दर्दनाक सड़क हादसे में मां और बेटे की मौत

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर ट्राली से टकराई बाइक

एनएनआई



**मथुरा।** गोविंद नगर थाना क्षेत्र में अनियंत्रित बाइक ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार मां-बेटे की मौके पर मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। महिला अपने बेटे के साथ शेरगढ़ स्थित मायके जा रही थी। वहां भतीजे का नामकरण का कार्यक्रम था। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वहां से भाग गया।

हाईवे थाना क्षेत्र के नगला चंद्रभान निवासी विष्णु कुमार ने बताया कि उनका भतीजा नारायण (22) और भाभी संतोष देवी (55) शेरगढ़ के छिनपारई में कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुधवार सुबह घर से निकले थे। इस दौरान गोविंद नगर थाना क्षेत्र में गोकुल रेस्टोरेंट के निकट हाईवे के फ्लाईओवर पर बाइक अनियंत्रित हो गई। इसके बाद ट्रैक्टर-ट्राली में घुस गई। दोनों लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि नारायण एक निजी कंपनी में काम करते थे। उनकी करीब 4 साल पहले शादी हुई थी। प्रभारी सीओ सिटी अनिल कपरवान ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया है। फिलहाल कोई शिकायत नहीं मिली है, अगर कोई प्रार्थना पत्र देगा तो प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# महिला नेटवर्किंग इंजीनियर से लाखों की ठगी

**मथुरा** एनएनआई। शहर की एक महिला नेटवर्किंग इंजीनियर से निवेश के नाम पर साइबर ठगों ने लाखों रुपये की ठगी कर ली। रकम वापस मांगने पर लाखों रुपये टैक्स के नाम पर जमा कराने के लिए मांग लिए। न देने के बाद साइबर ठग महिला कॉलर ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए। इस मामले की शिकायत एसपी क्राइम से की गई है। इसकी जांच साइबर सेल कर रही है।

गोविंद नगर निवासी महिमा गोयल ने साइबर सेल को इस संबंध में प्रार्थना पत्र दिया है। इसमें कहा है कि वह नेटवर्किंग इंजीनियर हैं। 11 नवंबर को उनके टेलीग्राम पर मीरा व सानवी नामक महिला ने लिंक भेजा था। इसके बाद फोन पर संपर्क किया। कॉल करने वाली महिला ने उन्हें तीन हजार रुपये निवेश करने और कुछ माह में दोगुना करने की बात कही। दोनों महिलाओं ने महिमा को अपने जाल में फंसा लिया। इसके बाद महिमा ने मीरा व सानवी नामक महिला के कहने पर विभिन्न बैंक खातों में कई बार में नौ लाख रुपये निवेश के नाम पर डलवा लिए।

# साइबर ठगीः संविदा लाइनमैन के खाते से ठगों ने निकाले 2.84 लाख रुपये

एनएनआई




**मथुरा।** साइबर ठगों के निशाने पर बैंक अकाउंट हैं। छटीकरा बिजली उपकेंद्र पर तैनात एक संविदा लाइनमैन के दो बैंक खातों से साइबर ठगों ने 2.84 लाख रुपये निकाल लिए। एलआईसी की प्रीमियम जमा करने के दौरान इस मामले की जानकारी खाताधारक को हो सकी।

इस मामले में जैंत थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। आरोप है कि संदेश की सुविधा बैंक खाते में है, लेकिन एक बार भी संदेश उसे नहीं भेजा गया। जैंत निवासी संविदा लाइनमैन योगेंद्र सिंह उर्फ बंटू ने बताया, उनके इंडियन ओवरसीज बैंक की जैंत शाखा में बचत व चालू खाते संचालित हैं। 19 नवंबर से लेकर दो दिन पूर्व उनके दोनों खातों से चार बार में किसी ने 2.84 लाख रुपये निकाल लिए।

योगेंद्र को इसकी जानकारी सोमवार को जनसेवा केंद्र से अपनी एलआईसी की प्रीमियम जमा करने जाने पर हुई। उन्होंने बैंक अधिकारियों को इस मामले से अवगत कराते हुए थाना जैंत में प्रार्थना पत्र दिया है। उन्होंने बताया, ठगों ने बचत खाते से 84,798 रुपये व चालू खाते से 1.85 लाख रुपये निकाले।

दूसरी बार में 15,200 रुपये निकाले। उन्होंने बताया, ये रकम जियो पैमेंट बैंक के नाम से निकाली गई है। इसकी मुंबई के अलावा कहीं और शाखा नहीं है। उन्होंने बताया, दोनों खातों में संदेश की सुविधा ली है। लेकिन, बैंक से एक भी निकासी का संदेश नहीं भेजा गया। इससे बैंककर्मियों की भी मिलीभगत प्रतीत होती है। प्रभारी निरीक्षक उमेश चंद्र त्रिपाठी ने बताया, प्रार्थना पत्र मिला है। इसे साइबर सेल को भी भेजा गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



## फिरोजाबाद में बाबा नीम करोरी का प्राकट्योत्सव

# भजन गायक सुधीर व्यास के गीतों पर झूमे श्रद्धालु

एनएनआई

**फिरोजाबाद।** गांव अकबरपुर में बाबा नीम करोरी महाराज का प्राकट्योत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। बुधवार रात आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्ति रस में सराबोर हो गए।

इस अवसर पर भजन गायक सुधीर व्यास ने अपनी प्रस्तुतियों से पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। उन्होंने 'ये चमक ये दमक', 'सब कुछ राम तुमसे है', 'मैया अंजनी का लाला है' जैसे लोकप्रिय भजन प्रस्तुत कर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या के दौरान श्रद्धालु तालियों की थाप पर झूमते और भक्ति में लीन नजर आए। आयोजकों ने बताया कि हर साल की तरह इस बार भी बाबा नीम करोरी महाराज का जन्मोत्सव पूरे उत्साह, हवन-पूजन और भजन-कीर्तन के साथ मनाया गया। 28 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

# रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

एनएनआई




**हाथरस।** हाथरस साइबर क्राइम पुलिस ने शाम को रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर कूटरचित दस्तावेज तैयार कर साढ़े तीन लाख रुपये हड़पने का आरोप है। यह मामला तब सामने आया जब दिग्विजय सिंह नामक व्यक्ति ने 21 नवंबर को शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि 30 अगस्त को उनके पिता के फोन पर ट्रू-कॉलर में प्रमोद कुमार शर्मा के नाम से एक कॉल आया था। कॉल करने वाले ने सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोपियों ने रेलवे विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर उनसे साढ़े तीन लाख रुपये ले लिए और एक ज्वाइनिंग लेटर दिया। बाद में जांच करने पर पता चला कि दिया गया नियुक्ति पत्र फर्जी था।

दिग्विजय सिंह की शिकायत के आधार पर साइबर थाना हाथरस में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने बैंक खातों के विवरण की जानकारी जुटाई, जिनमें ठगी के पैसे भेजे गए थे। साइबर क्राइम पुलिस ने तकनीकी खुफिया जानकारी और अन्य लाभदायक सूचनाओं के आधार पर कार्रवाई की।

मुखबिर की सूचना पर, पुलिस ने मथुरा-बरेली हाईवे पर रुहेरी कट से दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मो. रुखशाद पुत्र मो. रजा, निवासी ग्राम भैसाली जमालपुर, थाना काँठ, जनपद मुरादाबाद और योगेश पुत्र इन्दर, निवासी भैड़ी फरीदपुर, थाना छछलैट, जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है।

# एबीवीपी ने प्रशासनिक गेट के ताले तोड़े, कुलपति को घेरा

एनएनआई



**अलीगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में छात्रों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। प्रशासनिक भवन के गेट का ताला तोड़ दिया और कुलपति का घेराव किया। बाद में कुलपति को एक ज्ञापन सौंपा और सात दिन के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता बुधवार को प्रशासनिक गेट पर पहुंचे और नारेबाजी करने लगे। बाद में प्रशासनिक भवन के गेट पर लगा ताला तोड़कर भीतर घुस गए। कार्यकर्ताओं का कहना है कि परा स्नातक पाठ्यक्रमों का सिलेबस अभी तक पूरा नहीं हो पाया है। प्रायोगिक विषय की प्रयोगशालाएं तक शुरू नहीं हुई है। इन्होंने बैक पेपर परीक्षा शुल्क में की गई वृद्धि को कम करने की मांग की और कहा कि इसका असर सामान्य व गरीब छात्रों का पड़ रहा है। परीक्षा परिणाम में बार-बार त्रुटियां होने, प्रवेश के लिए वेब पंजीकरण समय पूर्व बंद करने पर भी रोष व्यक्त किया। परीक्षा केंद्रों और डिबार केंद्रों की सूची जारी करने की मांग की। प्रदर्शन में मुख्य रूप से विभाग संगठन मंत्री विश्वेंद्र, इकाई अध्यक्ष दीपक भारद्वाज, इकाई मंत्री प्रवीण, महानगर मंत्री पीयूष भारद्वाज, महानगर आंदोलन संयोजक यथार्थ सिंह, हिमांक अरोरा, जतिन आर्य, रजत गुप्ता, आकाश सिंह आदि कार्यकर्ता एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# बेटे की ससुराल गए परिवार के घर में चोरी

## चोरों ने लाखों के जेवरात और कैश किया पार

एनएनआई



**आगरा।** थाना क्षेत्र एकता के नगला अरहर गांव में चोरों ने बुधवार की रात बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित नाथूराम राजपूत ने बताया कि वह 26 नवंबर की शाम करीब 6:30 बजे अपने परिवार के साथ बेटे की ससुराल पुरा लोधी, थाना खंदौली गए थे। रात करीब 1 बजे जब परिवार वापस लौटा तो घर का ताला कटा हुआ मिला।

घर में प्रवेश करने पर पता चला कि अंदर रखी तीन अलमारियों के ताले तोड़कर चोर सोने-चांदी के बहुमूल्य जेवरात और करीब एक लाख पचास हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। चोरी हुए आभूषणों में सोने की झुमकी, कुंडल, बाली, अंगूठियां, नोजा, चेन, नथ, हार, चूड़ियां, बच्चों के टॉप सहित कई अन्य जेवर शामिल हैं। वहीं चांदी की 8 जोड़ी पायल, कमरबंध, बिछुआ, खड्डुआ आदि भी चोर ले उड़े।

सूचना पर पुलिस थाना पहुंची ने घटना की जाँच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार द्वारा लिखित में तहरीर दी गई गई। प्रभारी ने बताया कि पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की मदद से चोरी की घटना को अंजाम देने वाले शातिरों की तलाश में जुटी हुई है। जल्द गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

## पांच दिसम्बर तक खंदारी आधार सेवा केंद्र बंद

**आगरा** एनएनआई। खंदारी स्थित आधार सेवा केंद्र का तकनीकी सुधार होने से उसे 10 दिन के लिए बंद किया गया है। इससे डाकघर और बैंकों पर दबाव बढ़ा है। बुधवार को संजय प्लेस स्थित डाकघर में सर्वर ठप होने से आधार का काम नहीं हो सका। लोग मायूस होकर लौटने के लिए विवश हुए।

प्रवर डाक अधीक्षक अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आधार में संशोधन के लिए बृहस्पतिवार को अन्य दिनों के अपेक्षा ज्यादा भीड़ रही। ऊपर से सिस्टम को अपडेट किया जा रहा है। इससे काम प्रभावित हो रहा है। सिस्टम जल्द ही सही हो जाएगा। केदार नगर के नवीन कुमार ने बताया कि बेटे के आधार में संशोधन कराने आए थे। पहले खंदारी गए वहां से संजय प्लेस भेज दिया। यहां आकर देखा तो लोगों की कतार लगी हुई थी। नंबर काफी देर से इंतजार कर रहे हैं।

# एसएन में बनेगी 250 बेड की सुपर इमरजेंसी



एनएनआई

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज के एडवांस इमरजेंसी एंड ट्रॉमा सेंटर का कार्य शुरू हो गया है। यह 18 महीने में बन जाएगा। इसमें जांच, इलाज और ऑपरेशन की सुविधा मिलेगी। अति गंभीर मरीजों को अब दिल्ली, लखनऊ जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

प्राचार्य डॉ. प्रशांत गुप्ता ने बताया कि नई इमरजेंसी 250 बेड की होगी। अभी 80 बेड हैं। इसमें हड्डी रोग, सर्जरी, न्यूरो सर्जरी और प्लास्टिक सर्जरी के वार्ड होंगे। विभाग के लिए वार्ड में 50-50 बेड होंगे। ट्रॉमा और इमरजेंसी के लिए अलग-अलग दो आईसीयू बनाए जा रहे हैं। इसमें 25-25 बेड की व्यवस्था की गई है। सभी बेड पर जीवन रक्षक उपकरण भी लगाए जाएंगे।

इससे अति गंभीर मरीजों को तत्काल इमरजेंसी में ही इलाज मिल सकेगा। उम्मीद है कि तय समय से 2 महीने पहले 2027 अप्रैल में इसका निर्माण पूरा हो जाएगा। इमरजेंसी के पास ही पोस्टमार्टम हाउस बनेगा। इससे मरीज के मौत के बाद पोस्टमार्टम भी जल्दी ही हो सकेगा। डॉक्टरों की ड्यूटी लगाना भी आसान हो जाएगा।

नई इमरजेंसी में जनरल सर्जरी, हड्डी रोग, प्लास्टिक सर्जरी और न्यूरो सर्जरी की सुविधा होगी। इनके लिए अलग-अलग चार मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर बनाए जा रहे हैं। इसमें आधुनिक मशीनें भी लगेंगी। जले और एसिड अटैक के मरीजों को इमरजेंसी में ही प्लास्टिक सर्जरी का लाभ मिलेगा। अब तक यह सुविधा इमरजेंसी में नहीं थी।

**एमआरआई की भी सुविधा**

इमरजेंसी में रेडियो डायग्नोसिस विभाग और पैथोलॉजी को भी शिफ्ट किया जाएगा। इससे मरीजों को इमरजेंसी के अंदर ही खून-पेशाब की सभी तरह की जांच, सीटी स्कैन, एक्सरे, एमआरआई की सुविधा मिल सकेगी। अभी मरीजों को दूसरे विभागों में जांच के लिए जाना पड़ता है।

# आगरा मेट्रो: यमुना नदी पर शुरू हुआ पुल का निर्माण

एनएनआई

**आगरा।** उप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन (यूपीएमआरसी) की टीम ने पांच माह की प्रतीक्षा के बाद यमुना नदी पर पुल का निर्माण चालू कर दिया है। दो मशीनों से मिट्टी हटाई जा रही है। नदी के दोनों तरफ एक-एक रिग मशीन पहुंच गई है।

दो से तीन दिनों में रिग मशीन से पाइलिंग का कार्य चालू होगा। डेढ़ साल के भीतर 200 करोड़ रुपये से पुल बनकर तैयार होगा। पुल के एक हिस्से से पानी की पाइप लाइन भी गुजरेगी। यह पुल जीवनी मंडी वाटरवर्क्स से सटकर कर बनाया जाएगा।

आगरा कैंट रेलवे स्टेशन से कालिंदी विहार तक मेट्रो का दूसरा कारिडोर 16 किमी लंबा है। यह 2080 करोड़ रुपये से बन रहा है। कारिडोर में 14 एलीवेटेड स्टेशन बनेंगे। प्रत्येक स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज होगा। इससे यात्रियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

दूसरे कारिडोर में यमुना नदी पर पुल बनाया जाएगा। यह पुल 200 करोड़ रुपये से बनेगा। पुल का प्रस्ताव फरवरी में बनकर तैयार हुआ था। मार्च में यूपीएमआरसी टीम ने तीन मशीनों से मिट्टी के नमूने लिए थे। जून में मशीनों से मिट्टी हटाने का कार्य चालू हुआ था। जुलाई में नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद कार्य बंद हो गया था तब से लेकर अब तक कार्य बंद रहा। दो दिन पूर्व टीम ने निरीक्षण किया और कार्य चालू करने का निर्णय लिया गया। संयुक्त महाप्रबंधक, जनसंपर्क पंचानन मिश्र ने बताया कि यमुना नदी पर पुल बनाने का कार्य चालू हो गया है। यह कार्य डेढ़ साल में पूरा होगा। दो रिग मशीनों से पाइलिंग की जाएगी और पिलर तैयार होंगे।


## वैधानिक सूचना

सुधि पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गये तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति विज्ञापन दाता खुद ही जिम्मेदार है, पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहानिक जानकारी कर लें। किसी भी विज्ञापन से पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो न्यूज नेक्स्ट इंडिया के मुद्रक, प्रकाशक या संपादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

- प्रबंधक विज्ञापन

समाचार पत्र में छपे किसी भी लेख के लिए प्रधान संपादक उत्तरदायी नहीं है। प्रकाशित विभिन्न रचनाओं के लिए लेखक स्वयं उत्तरदायी है। समाचार पत्र में प्रकाशित सामिग्री / विज्ञापन आदि से प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र सिर्फ आगरा होगा।


# किसान नेता पर हमले के विरोध में उबला जनाक्रोश

## दबंग अधिवक्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज

एनएनआई



**आगरा।** यमुना पार स्थित अप्सरा टॉकीज के पास बुधवार को भारत किसान यूनियन (भानु) की ओर से एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं और संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष पवन समाधिया पर हुए हमले की कड़ी निंदा की गई और आरोपी अधिवक्ता ऋषिराज चौहान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठी।

20 नवंबर को दीवानी परिसर में अधिवक्ताओं के बीच हुए विवाद के दौरान पवन समाधिया गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उपचार के बाद 26 नवंबर को समर्थकों से मिलने पहुंचे पवन समाधिया के सम्मान में यह बैठक बुलाई गई। बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि अधिवक्ता ऋषिराज चौहान लंबे समय से दीवानी परिसर में दबंगई करता आ रहा है और उसके खिलाफ न्यायालय परिसर में हुए करीब 15ं16 मामलों के प्रकरण दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ-साथ न्याय की उम्मीद से आने वाले आम नागरिक भी उसकी धमकियों से परेशान रहते हैं। सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने जिला जज, बार एसोसिएशन और पुलिस आयुक्त दीपक कुमार सिंह से आरोपी अधिवक्ता के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के साथ-साथ उसका अधिवक्ता लाइसेंस निलंबित करने की भी मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो सभी जुड़े संगठन प्रदेशव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इसकी जिम्मेदारी जिला जज, बार एसोसिएशन और प्रशासनिक अधिकारियों की होगी।

बैठक में भारत किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष शीतल भदौरिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अवधेश कुमार दुबे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, जिला महासचिव बृजेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष शिवम सिकरवार, प्रदेश सचिव आशीष शर्मा, जिला महासचिव सोनू शर्मा, प्रदेश सलाहकार अमित शर्मा, अवधेश भारद्वाज, मजदूर मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक चौहान, व्यापार मोर्चा से प्रेम शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सलीम उस्मानी, जिला युवा मीडिया प्रभारी, पर्सनल स्टाफ संगठन के श्याम किशोर दीक्षित, अंशुल शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी मौजूद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि यदि प्रशासन एवं न्यायालय स्तर पर कार्रवाई में देरी हुई तो सभी संगठन मिलकर बड़ा जनांदोलन छेड़ेंगे।

## पत्नी का आरोप तंत्र-मंत्र से दूसरी महिलाओं को फंसाता है पति

**आगरा** एनएनआई। एक महिला ने पति पर तंत्र-मंत्र और जादू-टोना के बहाने महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाने, बहकाने और संबंध बनाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। साली को भी आरोपित पति ने अपने झांसे में ले लिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना सदर में रहने वाली महिला ने दर्ज मुकदमे में कहा है कि उनकी शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी। पति पिछले कई वर्षों से आपत्तिजनक गतिविधियों में संलिप्त है। पति ने तंत्र-मंत्र से उसकी बहन को भी अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। विरोध करने पर पति ने 16 मार्च को उसके साथ मारपीट कर बच्चों सहित घर से निकाल दिया। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया है कि वर्तमान में पति एक अन्य महिला के साथ रह रहा है।

NNI
हर खबर पर पक्की नजर

मूल्यों और आदर्शों के कर्म पथ पर जनहित की आवाज

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# न्यूज नेक्स्ट इण्डिया

आगरा

www.nnindianews.com
गुरुवार, 27 नवम्बर, 2025



# बंदियो को दिलाई संविधान की शपथ

## जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का किया आयोजन



एनएनआई

**आगरा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के दिशानिर्देश पर जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगरा संजय कुमार मलिक के मार्गदर्शन में बुधवार को जिला कारागार में संविधान दिवस के उपलक्ष्य विधिक जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कारागार के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा निरूद्ध पुरुष/महिलाओं बंदियो को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में सभी को संविधान की शपथ दिलाई गई। साथ ही शिविर में उपस्थित निरूद्ध बंदियों को संविधान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई और बंदियों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

इसके अतिरिक्त डॉ दिव्यानंद द्विवेदी, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगरा के द्वारा यह कहा गया कि दिनांक 13.12.2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत एवं दिनांक 10 से 12 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत के प्रचार प्रसार हेतु प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से आग्रह किया गया। जिससे आम जनमानस को राष्ट्रीय लोक अदालत का तथा विशेष लोक अदालत का लाभ मिल सके।

# पुलिस ने अच्छे काम किए हैं और आगे भी करते रहेंगे



■ पुलिस कमिश्नरेट का तीसरा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया

एनएनआई

**आगरा।** आगरा पुलिस कमिश्नरेट को तीसरा स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस की ओर से एक एग्जीबिशन लगाई गई, जिसमें पुलिस विभाग के उपयोग में आने वाले उपकरण और पुलिस कर्मियों की हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई। एग्जीबिशन में ट्रैफिक उपकरण से लेकर डॉग रिकॉर्ड के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर शासन प्रशासन के अधिकारी और शहर के सभी जनप्रतिनिधि मौजूद रहे पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट की स्थापना दिवस पर एग्जीबिशन का आयोजन किया गया है, जिसमें कॉलेज स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भी भाग लिया। इस अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया और तीन सालों में जिन्होंने अच्छे कार्य किए हैं उन्हें सम्मानित किया गया।

उच्च शिक्षा मंत्री उपाध्याय ने कहा कि जब से आगरा कमिश्नरेट हुआ है, पुलिस की व्यवस्थाएं चाक चौबंद हुई हैं और पुलिस की कार्यशैली में बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने काफी अच्छे काम किए हैं और आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार ने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट का उद्देश्य है कि आगरा को अपराध मुक्त और सुरक्षित बनाना है। उन्होंने कहा कि पुलिस की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आगे भी किए जाएंगे।

# गुरु अवतरण दिवस पर सत्संग सम्पन्न

**आगरा (एनएनआई)।** पार्श्वनार्थ पंचवटी कॉलोनी ताजनगरी स्थित सत्संग भवन में महिला सत्संग मंडल की बहिनों द्वारा भव्य एवं भावपूर्ण विशेष सत्संग का आयोजन श्रद्धा-उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ, बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने गुरुवर की महिमा, उपदेश और उनके दिव्य जीवन-संदेश को मन में उतारते हुए गहन भक्ति-भाव से सहभागी बने।, सत्संग के दौरान झूमते-नाचते स्वरूप में गुरु महिमा के भजन गूंजे, जिनसे पूरे वातावरण में अध्यात्मिक आनंद और गुरु-कृपा का अद्भुत रस व्याप्त हो गया, सभी श्रद्धालुओं ने एक स्वर में कहा कि ह्गुरु के बिना जीवन अंधेरा है, गुरु ही पथ-प्रदर्शक, प्रकाश और परम आधार हैं। कार्यक्रम के उपरांत भोग प्रसादी का वितरण किया गया, जिसमें भक्तों ने मिलकर प्रेम और सौहार्द का आनंद साझा किया।



# नियमों का पालन न करने पर अस्पतालों से जुर्माना वसूला

एनएनआई

**आगरा।** नगर निगम ने कूड़ा पृथक्करण नियमों का पालन न करने पर बुधवार को दो निजी अस्पतालों के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए हजारों रुपये का जुर्माना वसूला। फतेहाबाद रोड स्थित शांति मांगलिक अस्पताल और विभव नगर स्थित रामतेज हॉस्पिटल द्वारा अस्पतालों का निरीक्षण किया। यहां जैविक एवं सामान्य कचरे को निर्धारित मानकों के अनुसार अलग-अलग बैग में न रखकर मिक्स कचरे के रूप में निस्तारण के लिए दिया जा रहा था। इस पर टीम ने दोनों अस्पतालों को चेतावनी पत्र देते हुए जुर्माना लगाया। स्वास्थ्य संस्थानों के लिए यह अनिवार्य है कि वे बायोमेडिकल वेस्ट को रंग-कोडेड बैग में पृथक रखें, जिससे संक्रमण और पर्यावरणीय जोखिम को रोका जा सके। लेकिन औचक निरीक्षण में दोनों अस्पतालों में सभी तरह के कचरे को एक साथ बैगों में भरा पाया गया। नियमों के उल्लंघन पर जुर्माना लगाने के साथ ही नगर निगम ने अस्पताल संचालकों को कड़ी चेतावनी दी है कि भविष्य में सेग्रीगेशन न मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसी दौरान शांति मांगलिक अस्पताल के आसपास प्रतिबंधित पॉलिथिन के उपयोग की शिकायतों पर की गई। औचक कार्रवाई में कई मेडिकल स्टोर्स पर प्रतिबंधित प्लास्टिक बैग का उपयोग करते हुए पाया गया निरीक्षण में आधा दर्जन से अधिक दुकानों पर पॉलिथिन मिली, जिन्हें पर्यावरणीय नियमों का उल्लंघन माना गया। निगम अधिकारियों ने मौके पर ही कुल ?22,000 का जुर्माना वसूल किया। कार्रवाई टीम में जेडएसओ ताजगंज महेंद्र सिंह, एसएफआई योगेंद्र कुशवाहा, नरेंद्र सिंह और निगम का प्रवर्तन दल शामिल रहा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि शहर में प्रतिबंधित पॉलिथिन का प्रयोग किसी भी स्तर पर सहन नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसी कार्रवाई जारी रहेंगी।



# भारतीय संविधान है संवैधानिक विरासत का जीवंत दस्तावेज

एनएनआई



**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के विधि विभाग में संविधान दिवस के अवसर पर भारत की संवैधानिक विरासतः एक जीवंत दस्तावेज विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कुलपति प्रो. आशु रानी का प्रेरणादायक वक्तव्य रहा। उन्होंने संविधान को भारत की आत्मा बताते हुए कहा कि यह मात्र एक कानूनी दस्तावेज नहीं, सामाजिक न्याय, समानता और मानव गरिमा के आदर्शों पर आधारित आधुनिक भारत के निर्माण की मार्गदर्शक संहिता है। उन्होंने संविधान में निहित मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने और युवा पीढ़ी को जागरूक नागरिक बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नोडल अधिकारी दिव्यानंद ने महिला सशक्तिकरण एवं नागरिकों को संसाधनों से सशक्त बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। समाज विज्ञान संस्थान के निदेशक प्रो. मोहम्मद अरशद ने प्रस्तावना को राष्ट्र की संकल्पना का आधार बताते हुए उसके महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम संयोजक डॉ. राजीव वर्मा ने संविधान दिवस की उत्पत्ति और उसके ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा छात्र भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाविका जैन प्रथम, कुणाल प्रताप द्वितीय, पूजा त्यागी तृतीय रहीं। छात्र भाषण प्रतियोगिता में रीगुल शर्मा (एमएसडब्ल्यू) व प्राची (एलएलएम) प्रथम, शिवम गुप्ता (एमएसडब्ल्यू) व पूजा निगम (एलएलएम) द्वितीय और अपूर्वा सिंह (पीएचडी) व रोहिणी यादव (एलएलएम) तृतीय रहे। संगोष्ठी का समापन प्रतिभागियों की सराहना और भारत की संवैधानिक विरासत की शाश्वत महत्ता के पुनः स्मरण के साथ हुआ। आयोजन में डॉ. रणविजय सिंह, आशी दीक्षित, डॉ. अभिनव शर्मा, प्रतीक्षा पचौरी मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओं ने ली संविधान की रक्षा करने की शपथ

## अधिवक्ता संघ ने न्यायालय में मनाया संविधान दिवस

एनएनआई




**आगरा।** अधिवक्ता संघ आगरा के द्वारा बुधवार दीवानी में देश का 76वां संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा की गई। संचालन महासचिव भारत सिंह एडवोकेट ने किया। विशिष्ट अतिथि युवा अधिवक्ता संघ के मंडल अध्यक्ष नितिन वर्मा ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर भारत के संविधान के बारे में प्रकाश डाला। नितिन वर्मा ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने औपचारिक तौर पर भारत के संविधान को अपनाया था । इसके बाद 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया था। इसीलिए आज अधिवक्ता संघ आगरा के द्वारा संविधान दिवस को मनाया जा रहा है। भारत का संविधान सबसे लंबा लिखित संविधान है जिसके शुरूआत में 395 अनुच्छेद 22 भाग और 8 अनुसूचियां संपूर्ण विश्व में सिर्फ भारत का संविधान ही ऐसा संविधान है जो टाइपराइटर से नहीं बल्कि हाथ से लिखा गया था अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों भाषाओं में उसे समय कल 90000 शब्द थे। संविधान की मूल प्रशन भारत की संसद के पुस्तकालय में नाइट्रोजन से भरे बॉक्स में सुरक्षित रखी गई है । 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा की आखिरी बैठक हुई थी । इसी बैठक के दौरान भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद का नाम राष्ट्रपति के रूप में प्रस्तावित किया गया था । जिसे हम सभी अधिवक्ता गण अधिवक्ता दिवस के रूप में भी मानते हैं । भारत का संविधान बनाने में पूरे 2 साल एवं 11 महीने और 18 दिन लगे थे इसके बाद आखिरकार 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा की अंतिम बैठक करके इसे भारत को दिया गया। सभी अधिवक्ता संवैधानिक नियमों एवं कानून के अनुसार देश की जनता की रक्षा करें यही उनका प्रथम दायित्व है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा अधिवक्ता संघ के मंडल अध्यक्ष नितिन वर्मा शशि उपाध्याय बबीना शांत जितेंद्र राजपूत जयंत कुमार आनंद कृष्ण मुरारी महेश्वरी वीरेंद्र पाल सिंह राजेंद्र कुमार देव कुमार गौतम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# रेलवे अधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना की ली शपथ




**आगरा (एनएनआई)।** संविधान दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियो / कर्मचारियो को मण्डल रेल प्रबन्धक गगन गोयल द्वारा मण्डल कार्यालय के प्रांगण में संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई। मंडल रेल प्रबन्धक गगन गोयल ने बताया, कि आज का पावन दिन भारत के संविधान को अपनाने का स्मरणोत्सव मनाने एव संविधान के संस्थापको के प्रति सम्मान व्यक्त और उनके योगदान को याद करने का दिवस है । संविधान दिवस से सम्बन्धित बेविनर में आगरा मण्डल के अधिकारियो / कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया गया। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबन्धक (इन्फ्रा) प्रनव कुमार , वरि. मण्डल कार्मिक अधिकारी सनत जैन , वरि मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक ऋषिकेश मोर्या, वरि. मण्डल सामग्री प्रबन्धक विवेक दिवाकर, वरि मण्डल यांत्रिक इंजी राजकुमार वर्मा , जनसम्पर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव , सहायक कार्मिक अधिकारी नितिन सिंह एव डी के श्रीवास्तव आदि अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे ।

# श्रीजगन्नाथ को संक्रांति तक लगेगा गरम तासीर का भोग

## फूलों का श्रृंगार हुआ बंद, साठन व ऊंन की माला से होगा श्रृंगार

एनएनआई



**आगरा।** बुधवार से तरह-तरह से स्वादिष्ट व्यंजनों के स्थान पर खड़े मसालों से बने गरम तासीर के व्यंजनों का भगवान जगन्नाथ को भोग लगेगा। वहीं कॉटन व रेशमी पोशाक के स्थान पर गरम कपड़े और फूलों के श्रृंगार के स्थान पर साठन व ऊंन की माला व पगड़ी से श्रृंगार होगा। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में ओढन षष्ठा महोत्सव के आयोजन के साथ भगवान के परिधान, श्रृंगार व भोग का स्वाद बदल गया, जो मकर संक्रांति तक चलेगा। कमला नगर स्थित श्रीजगन्नाथ मंदिर में उत्साह और उमंग के साथ ओढन षष्ठी का आयोजन किया गया। खड़े मसालों से बनी खिचड़ी, मंगौड़े, पकौड़े, हलवा जैसे व्यंजन बनेंगे। सर्दी से बचाव के लिए गरम पोशाक व रजाई के साथ ओढन भेष में भगवान के दर्शन प्रतिदिन रात 8 बजे बंसत पंचमी तक होंगे। इस वर्ष श्रीहरि के ओढन भेष में प्रथम बार दर्शन हुए को मंदिर परिसर श्रीहरि के जयकारों से गूंज उठा। संध्या आरती रात 7 बजे के स्थान पर अब प्रतिदिन शाम 6.30 बजे होगी। रात 8 बजे शयन आरती के बाद 8.15 पर विश्राम दर्शन के उपरान्त मंदिर के पट बंद हो जाएंगे। मंगला आरती का समय 12 महीने प्रातः 4.30 बजे ही रहता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से शैलेन्द्र अग्रवाल, कामता प्रसाद अग्रवाल, आशु मित्तल, सुशील अग्रवाल, सुनील मनचंदा, संजीव मित्तल, संजीव बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, हरिदास, अदिति गौरांगी, शाश्वत नन्दलाल, ज्योति बंसल, राजेश उपाध्याय, संजय कुकरेजा आदि उपस्थित थे।




# कृपया गणना प्रपत्र भरे, लास्ट डेट का इंतजार न करें

## जिलाधिकारी अरविंद मलप्पा बंगारी ने घर-घर जाकर की लोगों से अपील, सहयोग करने को कहा

एनएनआई

**आगरा।** जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने घर-घर जाकर लोगों से अपील की है कि वो गणना प्रप्रत्र को भरने में बीएलओ का सहयोग करें। अंतिम तारीख का इंतजार न करें और तुरंत सही-सही तरह से गणना प्रपत्र भरकर जमा करें।

जिलाधिकारी ने एसआईआर के कार्यों का मौके पर जायजा लिया। उन्होंने शहर में स्थापित की गई मतदाता हेल्प डेस्क, गणना प्रपत्र फीडिंग सेन्टर, बीएलओ, सुपरवाइजरों से कार्य प्रगति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने 89-आगरा नॉर्थ विधानसभा में कंपोजिट स्कूल न्यू आगरा में पहुंचकर वहां स्थापित मतदाता हेल्प डेस्क पर गणना पत्र भरने में मतदाताओं की सहायता की तथा उपस्थित मतदाताओं से संवाद किया। तजिलाधिकारी न्यू आगरा क्षेत्र में घर-घर, डोर-टू-डोर भ्रमण कर मतदाताओं से गणना पत्र भरकर तत्काल बीएलओ को वापस करने,





अन्तिम तिथि 04 दिसम्बर का इंतजार न करे तथा बीएलओ का सक्रिय सहयोग करने हेतु प्रेरित किया।

जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा बंगारी ने सभी जनपदवासियों से अपील की कि वे अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करते हुए गणना पत्र की प्रविष्टियों को सही-सही भरें, सभी मतदाता मजबूत लोकतंत्र के उद्देश्य से चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी करें। बीएलओ द्वारा मतदाता सूची से संबंधित गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का वितरण-संकलन का कार्य किया जा रहा है,बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में घर-घर जाकर यह गणना फॉर्म मतदाताओं को दे रहे हैं तथा गणना प्रपत्र का संकलन कर रहे हैं। प्रत्येक मतदाता से अनुरोध है कि वे गणना फॉर्म की प्रविष्टियों को ध्यानपूर्वक भरें, उस पर अपने हस्ताक्षर करें और बीएलओ को तत्काल वापस दे दें। यदि फार्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या हो रही है तो तत्काल हेल्प डेस्क पर सम्पर्क कर अपना फार्म भरकर बीएलओ को जमा करें। अन्तिम दिनांक 04 दिसम्बर 2025 का इन्तजार न करें, किसी भी प्रकार की सूचना के लिए बूथ पर तैनात बीएलओं से सम्पर्क करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि अगर कोई वोटर घर पर नहीं मिलता है तो परिवार का कोई भी सदस्य अपने परिवार के सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्र को भरकर,हस्ताक्षर कर फॉर्म बीएलओ को दे सकता है। जिन मतदाताओं के हस्ताक्षरित फार्म बीएलओ को मिल जाएंगे, उनके नाम 09 दिसंबर को जारी होने वाले ड्राफ्ट वोटर में शामिल कर लिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने मतदाता से अपील की है कि सभी वोटर समय पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को अवश्य उपलब्ध करा दें, ताकि किसी का नाम लिस्ट में न छूटे। इससे पहले उन्होंने कलेक्ट्रेट में जनपद में एसआईआर के अंतर्गत विधानसभावार बूथों पर तैनात बीएलओ की कार्य प्रगति, हेल्प डेस्क, एवं गणना पत्रों के वितरण, संकलन व डिजिटाइजेशन कार्यों के सम्बंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के कार्य कर रहे बीएलओ यथा-नगर निगम के लगभग 50, आगरा विकास प्राधिकरण के 08, उद्यान विभाग के 11, पशुपालन विभाग के 10, महिला एवं बाल विकास विभाग के 203 बीएलओ की कार्य प्रगति के पर्यवेक्षण हेतु सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष को निर्देशित किया।

इस अवसर पर नगर आयुक्त अंकित खण्डेलवाल, एडीएम सिटी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी यमुनाधर चौहान, सहायक नगर आयुक्त शिशिर सिंह, सीएमओ डा. अरूण श्रीवास्तव, डीसी मनरेगा, समस्त अधिशासी अधिकारी सहित सभी एईआरओ,ईआरओ आदि मौजूद रहे।

# बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक हुआ दोगुना

एनएनआई

**आगरा।** प्रदेश भर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सर्वे में लगे बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया गया। बीएलओ पर्यवेक्षकों, ईआरओ और एईआरओ को भी लाभान्वित किया गया है। जिला सूचना अधिकारी शीलेंद्र कुमार शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्वाचन से जुड़े बीएलओ कर्मियों के मानदेय में की दोगुना बढ़ोतरी कर दी है। शेष कर्मियों को भी प्रोत्साहन राशि की व्यवस्था की गई है।

आगरा सहित पूरे यूपी में इस समय एसआईआर सर्वे चल रहा है। मतदाताओं से गणना प्रपत्र भरवाए जा रहे हैं। इस काम की जिम्मेदारी बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) को सौंपी गई है जो कि घर-घर जाकर गणना प्रपत्र भरवा रहे हैं। इनके लिए खुशखबरी है कि है बूथ लेवल अधिकारियों का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया गया है। बीएलओ पर्यवेक्षकों का भी पारिश्रमिक बढ़ाया गया है. ऐसा अंतिम संशोधन 2015 में किया गया था। इनके अलावा ईआरओ और एईआरओ को पहली बार वार्षिक पारिश्रमिक मिलेगा। बीएलओ का पहले वार्षिक पारिश्रमिक छह हजार रुपये था, जो कि अब 12 हजार रुपये कर दिया गया है। बीएलओ पर्यवेक्षकों का पहले वार्षिक पारिश्रमिक 12000 रुपये था जो कि अब 18 हजार रुपये कर दिया गया है। बीएलओ प्रोत्साहन राशि पहले 1000 रुपये थी जिसे अब 2000 रुपये कर दिया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) का वार्षिक पारिश्रमिक जो पहले शून्य था उसे 30000 किया गया है। सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) का वार्षिक पारिश्रमिक जो पहले शून्य था उसे 25000 किया गया है।

# जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है यूरिया, डीएपी

एनएनआई




**आगरा।** वर्तमान रबी मौसम मे जनपद में कृषकों के द्वारा फसलों में यूरिया की टॉप ड्रेसिंग हो रही है। कृषकों को संस्तुत मात्रा के अनुसार उर्वरकों का उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से जनपद के समस्त थोक एवं फुटकर उर्वरक विक्रेताओं की बिक्री पर सतत निगरानी रखने के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला कृषि अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में यूरिया, डीएपी, एनपीके, पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित समस्त थोक विक्रेताओं को निर्देश दिए गए कि बिक्री केन्द्रों पर रेट बोर्ड, स्टॉक रजिस्टर, कैश मैमो आदि अवश्य सुनिश्चित किये जाए। समस्त उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दरों पर की जाए एवं अनुदानित उर्वरक के साथ गैर अनुदानित उर्वरक की टैगिंग न करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए । जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए गये कि यदि उक्त से सम्बन्धित शिकायत प्राप्त होने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए।

# श्रमिकों ने किया श्रम कानूनों में बदलाव का विरोध

**आगरा एनएनआई।** श्रमिक संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि 44 श्रम कानूनों को खत्म कर सरकार ने 4 कानूनों में बदल दिया है। नए श्रम कानून में 300 कर्मचारियों के प्रतिष्ठानों में छंटनी के लिए सरकार से इजाजत लेने की जरूरत नहीं, जबकि पहले 20 कर्मचारियों से अधिक वाले प्रतिष्ठानों को सरकार से अनुमति लेनी पड़ती थी।

श्रम कानूनों में बदलाव का विरोध शुरू हो गया है। बुधवार को एक दर्जन से अधिक श्रम संगठनों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। परिसर में लाल झंडे ही दिखाई दे रहे थे। श्रमिक नेताओं ने कहा, मजदूरों को जितना गुलाम वर्तमान सरकार बना रही है, उतने गुलाम तो मजदूर अंग्रेजों के जमाने में भी नहीं रहे।



प्रदर्शन में अखिल भारतीय असंगठित कर्मचारी मजदूर यूनियन, संयुक्त किसान मोर्चा, ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस, संगठित एवं असंगठित मजदूर संगठन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी, जिला ट्रेड यूनियन काउंसिल, यूपी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन सहित एक दर्जन संगठनों ने नए श्रम कानूनों की वापसी के लिए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट वेद सिंह चौहान को सौंपा। श्रमिक नेता भगवान सिंह ने कहा कि 44 श्रम कानूनों को खत्म कर सरकार ने 4 कानूनों में बदल दिया है। नए श्रम कानून में 300 कर्मचारियों के प्रतिष्ठानों में छंटनी के लिए सरकार से इजाजत लेने की जरूरत नहीं, जबकि पहले 20 कर्मचारियों से अधिक वाले प्रतिष्ठानों को सरकार से अनुमति लेनी पड़ती थी। कर्मचारी नेता लक्ष्मी नारायण शर्मा ने कहा कि पुराने श्रम कानून में आठ घंटे से अधिक कार्य करने पर ओवर टाइम की गारंटी थी। नए श्रम कानून में 12-12 घंटे कार्य करने पर भी ओवर टाइम नहीं मिलेगा।

प्रदर्शन में पूरन सिंह ने कहा कि सरकार, अंग्रेजों से भी ज्यादा मजदूरों को गुलाम बनाने पर तुली है। इस दौरान रामनाथ शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, शरीफ खां, धर्मजीत सिंह, हरिविलास दीक्षित, श्रीलाल तोमर, ताराचंद, भानु प्रताप सिंह, राम प्रकाश धाकरे, राजेंद्र, किरन सिंह, पूरन सिंह नागर, डालचंद, अरविंद प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में छात्र रमन-शिक्षक हरीश चंद्र करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व



**आगरा एनएनआई।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय, इटौरा (आगरा) अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी खेल उपलब्धियों से देश का मान बढ़ाने जा रहा है। विद्यालय के दो प्रतिभावान खिलाड़ी और छात्र रमन कुमार और व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए मंगलवार को कोलंबो (श्रीलंका) के लिए रवाना हो गए।

चैंपियनशिप 28 नवंबर से 30 दिसंबर 2025 तक आयोजित होगी, जिसमें 40 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार सब-जूनियर के 56किग्रा भार वर्ग में और व्यायाम शिक्षक श्री हरीश चंद्र सीनियर के 77 किग्रा भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि दोनों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर चयन गर्व की बात है।

# केपीआईएमएस के शिविर में 68 मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ

एनएनआई

**आगरा।** केपी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा प्रकाश टॉकीज मुरसान गेट, बौहरे देवी मंदिर के पास, हाथरस, परः गुर्दा रोग का निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस निःशुल्क शिविर का शुभारंभ विधायक हाथरस अंजुला माहौर, राजकुमार अग्रवाल, रोटरी क्लब हाथरस के सदस्य एवं के पी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से आये डा. रोहित पुरी एवं सीईओ कुनाल सिंघल ने फीता काट कर किया।

निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 68 मरीजों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में वरिष्ठ गुर्दा रोग विशेषज्ञ डा. रोहित पुरी ने निःशुल्क परामर्श दिया एवं साथ ही साथ




मरीजो को निःशुल्क ब्लड प्रेशर, पल्स, वजन डाइबिटीज एवं ब्लड शुगर की जॉच, की गई, साथ ही साथ खून की जोंचों पैथोलॉजी पर 40% प्रतिशत एवं रेडियोजॉली की जाँचों पर 30% प्रतिशत की छूट भी दी गई।

शिविर में आये मरीजो ने के पी इंस्टीटियूट ऑफ मेडिकल साईसेस के द्वारा लगाये गये इस तरह के निःशुल्क गुर्दा रोग स्वास्थ्य शिविर की सराहना करते हुये बताया कि के.पी.आईएम एस हॉस्पीटल, आगरा के वरिष्ठ विशेषज्ञ ने शिविर में बहुत ही सेवा भाव के साथ सभी मरीजो को निःशुल्क परामर्श दिया। अति गंभीर मरीजो को के.पी.आई.एम.एस हॉस्पीटल में अन्य जाँचे के लिए हॉस्पीटल में आकर इलाज कराने की सलाह दी एवं शिविर में पंजीकृत मरीजो को रियायती दरों पर डायलेसिस की सेवायें उपलब्ध कराने की जानकारी भी प्रदान की। इस गुर्दा रोग स्वास्थ्य शिविर में रोटरी क्लब हाथरस ने आगरा से आये डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं मार्केटिंग हेड लोकेश कुमार एवं सहयोगी गौरव राजोरिया को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित। किया। के.पी.आई.एम.एस हॉस्पीटल के शादाब आलम ऑपरेशनल हेड ने बताया कि हॉस्पीटल समय-समय पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है और भविष्य में भी करता रहेगा।



## भूमाफिया करा रहे ग्रामीण किसानों की जमीन के फर्जी बैनामा

एनएनआई

**बाह।** ग्रामीण किसानों की जगह पर दूसरे लोगों को खड़ा कर बाह तहसील में किए जा रहे फर्जी बैनामा को लेकर भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के जिलाध्यक्ष हर्ष शर्मा ने बुधवार को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सुधीर गिरी को सौंपा। जिसमें तहसील में हुए फर्जी बैनामा के मामलों में दर्ज हुए धोखाधड़ी के मुकदमों का जिक्र कर ग्रामीण किसानों की जमीन के फर्जी बैनामे रोके जाने की मांग की है। तहसील में निर्धारित सरकारी प्रारूप के अनुसार बैनामा किए जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। फर्जी बैनामा का सिलसिला नहीं रुका तो भाकियू आंदोलन को मजबूर होगी। जमीन बचाओ अभियान चला कर जिम्मेदारों और भूमाफियाओं की पोल खोली जाएगी। इस दौरान युवा इकाई के जिलाध्यक्ष रामौतार सिंह, मजदूर मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय सिंह जादौन, जिला प्रवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## सरकारी रास्ते के विवाद में कुल्हाड़ी से युवती हमला, मुकदमा दर्ज

**पिनाहट** एनएनआई। थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के ग्राम कौंध में सरकारी रास्ते को लेकर हुए विवाद में दबंगों द्वारा परिवार पर किए गए हमले के मामले में पुलिस ने कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना 18 नवम्बर की सुबह हुई, जिसमें एक युवती गंभीर रूप से घायल हो गई पीड़ित प्रेम सिंह निवासी ग्राम कौंध ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर के सामने बने सरकारी पक्के रास्ते से वे लोग आवागमन करते हैं, लेकिन उसी रास्ते पर रहने वाले साहब सिंह, कालीचरन, भूदेव, बृजेश, प्रताप सिंह, सवर सिंह, सरस्वती, प्रवेश, गुड़िया देवी और नीरज आदि लोग परिवार को आने-जाने नहीं देते।

घटना वाले दिन सुबह 7 बजे प्रेम सिंह और उसका भाई भैंस लेकर लौट रहे थे, तभी उक्त सभी लोगों ने उन्हें लाठी-डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जान बचाकर भागने के दौरान भैंस पास में ही छूट गई। आरोप है कि हमलावरों ने भैंस को भी लाठी-डंडों व कुल्हाड़ी से मारा, जिससे उसका पैर टूट गया। पीड़ित ने बताया कि यह भैंस उसने हाल ही में 1,40,000 रुपये में खरीदी थी।इसके बाद आरोपी प्रेम सिंह के घर पर आ धमके और घर में घुसकर परिवारजनों के साथ मारपीट की। इसी दौरान उसकी पुत्री भाग्यश्री के सिर में कुल्हाड़ी से वार कर दिया गया।

## नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरोह पकड़ा, 12 गिरफ्तार

एनएनआई

**पिनाहट।** थाना बसई अरेला पुलिस और सर्विलांस सेल पूर्वी जोन की संयुक्त टीम ने नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाले सक्रिय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 13 मोबाइल फोन, 9,500 नकद और कई फर्जी दस्तावेज बरामद किए हैं।

थाना बसई अरेला में वादी गिर्राज सिंह ने तहरीर दी थी कि कुछ समय पहले टिंकू नामक व्यक्ति अपने साथियों के साथ उनकी दुकान पर आया था और मेट्रो एयरलाइंस में नौकरी लगवाने का लालच देकर उनसे 7,500 ऐंठ लिए। इस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच



शुरू की।बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने कार्यवाई करते हुए कुल 12 अभियुक्तों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार किया। इनमें से पाँच को हनुमान मंदिर के पास स्याहीपुरा पिढ़ौरा मार्ग से तथा सात को स्याहीपुरा पेट्रोल पंप के निकट से पकड़ा गया।पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि वे सोशल मीडिया पर फर्जी विज्ञापन जारी कर बेरोजगार युवाओं को नौकरी का प्रलोभन देते थे और फर्जी दस्तावेजों के जरिये उनकी ठगी करते थे। इसी क्रम में वादी गिर्राज सिंह से भी 7,500 की धोखाधड़ी की गई थी। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान टिंकू, रामनरेश, मनोज, जोगेन्द्र उर्फ बम्फू, सोनू उर्फ सत्यवीर, छोटेलाल, धीरज, मदन, रामनजर, सोनू, ब्रजेश उर्फ बॉबी और बाबू के रूप में हुई है। सभी आरोपी थाना पिढ़ौरा एवं बसई अरेला क्षेत्र के विभिन्न गांवों के निवासी हैं।पुलिस ने गिरोह के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भक्तों के सभी मनोरथ पूर्ण करते हैं गिरिराज गोवर्धन

एनएनआई

**वृन्दावन।** कालीदह क्षेत्र स्थित राधा कृपा आश्रम में लाला सट्टनलाल अग्रवाल परिवार (मुम्बई) के द्वारा ठाकुरश्री ब्रजवल्लभ लाल महाराज एवं सद्गुरुश्री सन्त मां ब्रजदेवी जी के पावन सानिध्य में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के पांचवें दिन सन्तश्री प्रेमधन लालनजी महाराज ने व्यासपीठ से देश-विदेश से आए समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं को श्रीगिरिराज लीला प्रसंग की कथा श्रवण कराते हुए कहा कि गिरिराज गोवर्धन महाराज साक्षात भगवान श्रीकृष्ण के ही प्रतिरूप हैं।उनमें और श्रीकृष्ण में कोई भेद नहीं है।वस्तुतः भगवान श्रीकृष्ण ने प्रकृति का संरक्षण करने के लिए ही गिरिराज पूजा की लीला की थी।जिससे कि लोग प्रकृति के महत्व को जानें और उसकी उपयोगिता का सही से पालन करें।



व्यास पीठाधीन श्रद्धेय सन्तश्री प्रेमधन लालनजी महाराज ने कहा कि ब्रज की पावन भूमि पर त्रिदेव पर्वत रूप में विद्यमान हैं। जो कि बरसाना में ब्रह्मगिरि (ब्रह्मदेव), नंदगांव में नंदीश्वर पर्वत (महादेव) एवं गोवर्धन में गिरिराज पर्वत (भगवान विष्णु) के स्वरूप हैं।इनकी पूजा व परिक्रमा करने वाले भक्तों के सभी मनोरथ गिरिराज गोवर्धन महाराज निश्चित ही पूर्ण करते हैं।इसीलिए वे सभी ब्रजवासियों के इष्टदेव हैं।

इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण की अत्यंत नयनाभिराम और चित्ताकर्षक झांकी के दर्शन कराए गए।साथ ही गिरिराज गोवर्धन को 56 भोग लगा कर उसका प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रख्यात साहित्यकार"यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त प्रख्यात रासाचार्य स्वामी फतेह कृष्ण शर्मा, पण्डित रवि शर्मा (इन्दौर), स्वामी राधाकांत शर्मा (छोटे स्वामी), कृष्णांश शर्मा, मुख्य यजमान अशोक कुमार अग्रवाल (मुम्बई), श्रीमती ऊषा अग्रवाल, अरविन्द कुमार अग्रवाल, श्रीमती भारती अग्रवाल, अरुण कुमार अग्रवाल, श्रीमती कल्पना अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आशीष गोयल, सीमा अग्रवाल, ऋतु गोयल, कंचन कृष्ण, साध्वी कुंज दासी, साध्वी प्रिया दासी, साध्वी हरि दासी, गुंजन मेहता, नवीन अग्रवाल, सविता अग्रवाल, अश्विन अग्रवाल व अदिति अग्रवाल (अमेरिका) के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## पिनाहट घाट पुल पर वेल्डिंग कार्य जारी

**पिनाहट** एनएनआई। पिनाहट घाट पुल पर बीते दिनों से वेल्डिंग और मरम्मत का कार्य तेजी से जारी है। मौके पर मौजूद कर्मचारियों के अनुसार, यदि विभागीय अनुमति समय पर मिल जाती है तो 15 दिसंबर से पुल को सुचारू रूप से यातायात के लिए चालू कर दिया जाएगा। हालांकि पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा अभी तक पुल के संचालन की अंतिम अनुमति प्रदान नहीं की गई है, जिसकी वजह से पुल का उद्घाटन फिलहाल अधर में लटका हुआ है। इसी बीच, कुछ स्थानीय लोगों और सोशल मीडिया पोस्टों में दावा किया गया था कि क्षेत्रीय नेताओं द्वारा पुल की परमिशन दिलवा दी गई है, लेकिन जांच में यह दावा अफवाह और पूरी तरह झूठा पाया गया। पुल के निर्माण एवं मरम्मत कार्य से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि अनुमति मिलते ही यातायात बहाल कर दिया जाएगा। स्थानीय लोग अब आधिकारिक आदेश का इंतजार कर रहे हैं।

## संपादकीय

# बिहार में भाजपा के लिए मजबूत हुआ रास्ता

बिहार विधानसभा का इस बार का चुनाव नतीजा बिहार में भारतीय जनता पार्टी को सबसे बड़ी राजनीतिक ताकत के तौर पर स्थापित करने वाला है। भाजपा को निश्चित रूप से नीतीश कुमार के बनाए वोट आधार का लाभ मिला है और साथ ही नीतीश के सुशासन और व्यक्तिगत रूप से उनकी छवि के कारण भी भाजपा और पूरे एनडीए को फायदा हुआ है।बिहार में पहली बार विधायकों की संख्या के लिहाज से भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनी है। यह लंबे प्रयासों और दीर्घकालिक राजनीति का परिणाम है। जिस समय भाजपा बिहार विधानसभा में अच्छे खासे अंतर से दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बनती थी तब भी वह तीसरे नंबर की पार्टी के नेता नीतीश कुमार का चेहरा आगे करके राजनीति करती थी। भाजपा के उस समय के प्रदेश और देश के नेताओं को अंदाजा था कि मंडल की राजनीति साधने के लिए उनको एक ऐसे चेहरे की जरुरत है। अब वह जरुरत क्रमशः कम होती जा रही है।इस बार का चुनाव बिहार में भाजपा की राजनीति के लिहाज से वाटरशेड मोमेंट है। नतीजों के बाद भाजपा का मुख्यमंत्री बनना महज वक्त की बात है। इस विधानसभा में किसी समय भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा, जो गैर यादव पिछड़ा चेहरा होगा। सम्राट चौधरी के होने की ज्यादा संभावना इस वजह से है क्योंकि उनके चेहरे से कोईरी, कुर्मी और धानुक का एक करीब 10 फीसदी का मजबूत वोट आधार बनता है, जिस पर नीतीश कुमार ने इतने लंबे समय तक राजनीति की है। एक बार नीतीश कुमार बिहार के राजनीतिक परिदृश्य से हट जाएं तो भाजपा उनके सामाजिक समीकरण को अपने हिंदुत्व व राष्ट्रवाद के साथ मिल कर बिहार की स्थायी रूप से सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है, जैसे वह उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या गुजरात में है। बिहार इसके लिए आदर्श जगह बनती दिख रही है। ध्यान रहे बिहार में लगातार मुस्लिम विधायकों की संख्या घट रही है। लेकिन उसी अनुपात में मुस्लिम वोट का पोलराइजेशन और उसका काउंटर पोलराइजेशन हो रहा है। नीतीश कुमार इसमें बफर का काम करते रहे हैं। उनके रहने से भाजपा का स्पेस कम होता है।मुस्लिम आबादी का भी एक बड़ा हिस्सा इसलिए नीतीश कुमार को वोट करता है क्योंकि उनके रहने से भाजपा को बिहार में उत्तर प्रदेश जैसा खुला मैदान नहीं मिल पाता है। आने वाले दिनों में यह स्थिति बदलेगी। बिहार में 18 फीसदी मुस्लिम आबादी है और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी के लिए जिस तरह से स्पेस बन रहा है वह भी भाजपा के फलने फूलने का आधार बनेगा।भाजपा ने उत्तर प्रदेश में हार्डकोर हिंदुत्व की राजनीति करके एक सवर्ण चेहरे पर सामाजिक समीकरण को साधा है क्योंकि वहां सवर्ण आबादी एक चौथाई के करीब है। लेकिन बिहार का मामला अलग है। बिहार में उसे पिछड़े चेहरों से सामाजिक समीकरण साधना है और साथ ही योगी आदित्यनाथ मॉडल की हिंदुत्व की राजनीति भी करनी है। यह काम भी नीतीश कुमार के रहते नहीं हो पाता था। लेकिन अब नीतीश की गौरवशाली राजनीतिक पारी के अंत के शुरूआत हो गई है। उम्र और सेहत के कारण नीतीश धीरे धीरे हाशिए में जाएंगे और चूंकि उनकी पार्टी में न तो उनका कोई स्वाभाविक उत्तराधिकारी सामने आया है और न उनके परिवार से कोई व्यक्ति उनकी विरासत संभालने वाला दिख रहा है। इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी ले सकती है। बिहार में भाजपा का समूचा नेतृत्व पिछड़ी जाति का है और लंबे समय तक रहने वाला है। राष्ट्रीय स्तर पर भी भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पिछड़ी जाति का है। मंडल या पिछड़ी जाति की राजनीति साधने के लिए किसी तीसरी शक्ति की जरुरत भाजपा को इस वजह से भी नहीं है कि क्योंकि नरेंद्र मोदी और अमित शाह की भाजपा ने मंडल और कमंडल को एकाकार कर दिया है। अब राजनीतिक, वैचारिक और सामाजिक दृष्टि से ये दोनों अलग अलग नहीं हैं। वोट आधार के दम पर भले भाजपा अकेले चुनाव जीत कर सरकार बना पाने में सक्षम नहीं हो लेकिन यह हकीकत तो दोनों प्रादेशिक पार्टियों यानी राजद और जदयू के बारे में भी है। वे दोनों भी अकेले अपने वोट आधार पर के दम पर बिहार में सरकार नहीं बना सकते हैं। मोटे तौर पर राजद का अपना वोट आधार 18 से 22 या 23 फीसदी है तो जदयू का आधार 16 से 18 फीसदी का और भाजपा का 20 से 30 फीसदी का है। अकेले किसी पार्टी के कोर वोट आधार की बात करें तो वह सबसे बड़ा आधार भाजपा के पास है। उसके पास मोटे तौर पर 24 से 25 फीसदी वोट का आधार है, जो लगातार उसके साथ बना हुआ है। इसमें सबसे बड़ा हिस्सा अत्यंत पिछड़ी जातियों का है और उसके बाद सवर्ण हैं। 2015 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा अकेले लड़ी थी और नीतीश कुमार व लालू प्रसाद साथ मिल कर लड़े थे तब भी चुनाव बाद हुए सर्वेक्षणों से पता चला था कि 52 फीसदी अत्यंत पिछड़ी जातियों का वोट भाजपा को मिला था, जबकि राजद और जदयू को महज 35 फीसदी के करीब ईबीसी वोट मिला था। ईबीसी और सवर्ण के अलावा अब भाजपा ने गैर यादव पिछड़ी जातियों में से सबसे बड़ी सवा चार फीसदी आबादी वाली कोईरी जाति को अपने साथ जोड़ा है। उत्तर प्रदेश में केशव प्रसाद मौर्य और हरियाणा में नायब सिंह सैनी के साथ बिहार में सम्राट चौधरी का नेतृत्व इस मामले में भाजपा को मजबूती दे रहा है। जातीय समूहों से इतर हिंदुत्व का एक मजबूत वोट आधार भाजपा के पास है, जिसमें सभी जातियों के मतदाता शामिल हैं।

## सर्दियों में स्वास्थ्य संबंधी सुझाव

# ठंड के मौसम में सेहत रखें परफेक्ट



सर्दी अपने साथ धुंध भरी सुबह, सुहावनी शाम और मौसमी त्योहारों की गर्माहट लेकर आती है। हालाँकि, यह सर्दी, रूखी त्वचा और सांस संबंधी समस्याओं जैसी अनोखी स्वास्थ्य चुनौतियाँ भी लेकर आती है। कुछ सावधानियों को अपनाकर आप स्वस्थ रह सकते हैं और मौसम का पूरा आनंद उठा सकते हैं। आइए इस सर्दी में आपको स्वस्थ रखने के लिए कुछ सुझाव देखें।

**1. मौसमी खाद्य पदार्थों से अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएँ**

सर्दियों में अक्सर सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्या बढ़ जाती है। पारंपरिक सुपरफूड्स से अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करें।

**विटामिन सी के लिए आंवला :** आंवला सर्दियों का पावरहाउस है, जो विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर है। इसे कच्चा, चटनी के रूप में या मुरब्बा में डालकर खाएं।

**हल्दी वाला दूध :** इसे "हल्दी दूध" के नाम से जाना जाता है, यह एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों वाला एक प्राकृतिक इम्युनिटी बूस्टर है। सोने से पहले इसे गर्म करके पिएं।

**जिंक युक्त खाद्य पदार्थ :** बेहतर प्रतिरक्षा कार्य के लिए अपने आहार में दालें, मेवे और तिल जैसे बीज शामिल करें।

**प्रोबायोटिक गुण :** स्वस्थ आंत के लिए दही, छाछ, या इडली और डोसा जैसे किण्वित खाद्य पदार्थों को अपने आहार में शामिल करें।

**यह क्यों महत्वपूर्ण है :** पोषक तत्वों से भरपूर मौसमी खाद्य पदार्थ खाने से सर्दियों में होने वाली आम बीमारियाँ दूर रहती हैं।

**2. ठंड होने पर भी हाइड्रेटेड रहें**

ठंड के मौसम में आप पानी पीना भूल सकते हैं, लेकिन आपके शरीर के कार्यों के लिए जलयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**गर्म पानी पियें :** अदरक, तुलसी या अजवाइन के साथ गर्म पानी पीने से आप हाइड्रेटेड रहते हैं और पाचन में सुधार होता है।

**सूप और काढ़ा :** घर पर बने सूप और हर्बल पेय जैसे काढ़ा सर्दियों के दौरान आरामदायक और पौष्टिक होते हैं।

**यह क्यों महत्वपूर्ण है :** उचित जलयोजन स्वस्थ त्वचा, कुशल चयापचय और मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली को बनाए रखने में मदद करता है।

**3. सर्दियों में त्वचा को शुष्क होने से बचाएं**

सर्दियों में त्वचा का रूखापन एक आम समस्या है, खासकर भारत के उत्तरी भागों में। सरल उपाय त्वचा की जलन को रोक सकते हैं और इसे स्वस्थ रख सकते हैं।



**नारियल तेल का प्रयोग करें :** प्राकृतिक रूप से नमी बरकरार रखने के लिए नहाने से पहले गर्म नारियल तेल लगाएं।

**बैरियर क्रीम का प्रयोग करें :** एलोवेरा या ग्लिसरीन जैसे प्राकृतिक तत्वों से युक्त गाढ़ी क्रीम का प्रयोग करें।

**ओमेगा-3 युक्त खाद्य पदार्थ खाएं :** अलसी के बीज, अखरोट और सरसों का तेल त्वचा की मरम्मत के लिए अच्छे हैं।

यह क्यों महत्वपूर्ण है : स्वस्थ त्वचा न केवल अच्छी दिखती है, बल्कि कीटाणुओं के खिलाफ सुरक्षा कवच के रूप में भी काम करती है।

**4. विटामिन डी के लिए सर्दियों की धूप का आनंद लें**

ठंडे महीनों में अक्सर सूर्य की रोशनी कम मिलती है, जिससे विटामिन डी की कमी हो सकती है।

**सुबह की धूप :** प्राकृतिक विटामिन डी संश्लेषण के लिए सुबह की धूप में 15-20 मिनट बिताएं।

**विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थ :** अपने भोजन में मशरूम, फोर्टिफाइड दूध और रोहू जैसी मछली शामिल करें।

**पूरक :** यदि आवश्यक हो तो विटामिन डी के पूरक के लिए अपने डॉक्टर से परामर्श लें।

**यह क्यों महत्वपूर्ण है :** पर्याप्त विटामिन डी हड्डियों के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा और समग्र जीवन शक्ति का समर्थन करता है।

**5. अपने फेफड़ों का ख्याल रखें**

सर्दियों में कई भारतीय शहरों में धुंध की वजह से सांस संबंधी समस्याएं और भी बढ़ सकती हैं। इन उपायों से अपने फेफड़ों की सुरक्षा करेंः

**भाप लेना :** नाक के मार्ग को साफ करने के लिए भाप में नीलगिरी या कपूर मिलाएं।

**श्वास व्यायाम :** प्राणायाम (योगिक श्वास) जैसे अभ्यास फेफड़ों की क्षमता में सुधार कर सकते हैं और जलन को कम कर सकते हैं।

**एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें :** बेहतर वायु गुणवत्ता के लिए एयर प्यूरीफायर में निवेश करें या एरेका पाम जैसे इनडोर पौधे रखें।

**यह क्यों महत्वपूर्ण है :** स्वस्थ फेफड़े सुनिश्चित करते हैं कि आप पूरे शीतकाल में सक्रिय और ऊजार्वान बने रहें।

**6. अच्छी नींद लें**

सर्दियों की रातें आरामदायक नींद के लिए आदर्श होती हैं, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप अच्छी गुणवत्ता वाली नींद के लिए माहौल तैयार कर रहे हैं।

**सोते समय गर्म पेय :** एक कप मसाला चाय या जायफल वाला दूध आपको तनावमुक्त करने में मदद कर सकता है।

**आरामदायक ढंग से कंबल ओढ़ें :** अधिक गर्मी से बचने के लिए हल्के लेकिन गर्म कंबल का प्रयोग करें।

**यह क्यों महत्वपूर्ण है :** अच्छी तरह से आराम करने वाला शरीर संक्रमणों से लड़ने और सक्रिय रहने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित होता है।

**7. सर्दियों में वजन बढ़ने पर नियंत्रण रखें**

सर्दियों के मौसम में अक्सर गरिष्ठ, कैलोरी-घने खाद्य पदार्थों की लालसा होती है। संतुलित मात्रा में त्योहारी व्यंजनों का आनंद लें।

**स्वस्थ नाश्ता :** तले हुए नाश्ते की जगह भुनी हुई मूंगफली, तिल के साथ गुड़ (तिल के लड्डू) या मखाना खाएं।

**छोटे-छोटे भोजन करें :** गाजर, पालक और मूली जैसी मौसमी सब्जियों के साथ बार-बार छोटे-छोटे भोजन करने से आपकी ऊर्जा स्थिर रहती है।

**यह क्यों महत्वपूर्ण है :** स्वस्थ वजन बनाए रखने से आपके हृदय और जोड़ों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ता।




# रूपाली गांगुली की लाल साड़ी ने इंटरनेट पर मचाई धूम

लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री रूपाली गांगुली ने अपनी नई तस्वीरों से इंटरनेट पर धूम मचा दी है। उन्होंने लाल रंग की सुंदर साड़ी में तस्वीरें साझा कीं, जिन पर प्रशंसकों की प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। रूपाली की लाल साड़ी पर हल्का सुनहरा काम किया गया था, जिसे उन्होंने सुनहरे ब्लाउज के साथ पहना। उनकी सादगी और मुस्कान ने तस्वीरों को और प्रभावशाली बना दिया। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने प्रशंसकों से पूछा–आपका पसंदीदा फ्रेम कौन-सा है? कुछ ही पलों में उनके प्रशंसकों ने कमेंट्स की झड़ी लगा दी। किसी ने उन्हें अति सुंदर बताया, तो किसी ने कहा कि आप हर शॉट में जादू कर देती हैं। रूपाली का लोकप्रिय धारावाहिक अनुपमा लगातार दर्शकों की पसंद बना हुआ है। शो में उनके साथ अद्रिजा रॉय, शिवम खजूरिया, अल्पना बुच सहित कई कलाकार महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।

# कृति सैनन का फेस्टिव लुक बना चर्चा का विषय

## ट्रेडिशनल ब्रोकेड में दिखीं शानदार

अभिनेत्री कृति सैनन ने अपने नए फेस्टिव लुक से प्रशंसकों का ध्यान खींच लिया है। उन्होंने पारंपरिक ब्रोकेड परिधान को आधुनिक अंदाज में प्रस्तुत किया, जिसे उनके प्रशंसकों ने खूब सराहा। कृति इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म तेरे इश्क में के प्रचार में व्यस्त हैं, इसी दौरान उनका यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उनका परिधान सोबारिको का हाथ से बुना हुआ हीरा ब्रोकेड जाल कुर्ता और पैंट का सेट था, जिसकी बारीक कारीगरी ने इसे शाही आभा दी। कुर्ते की सरल नेकलाइन और ढीला फिट ब्रोकेड की गहराई को संतुलित कर रहा था, वहीं चौड़ी पैंट ने पूरे लुक में सहजता जोड़ी। कृति ने अपने पहनावे को प्रभावशाली आभूषणों के साथ निखारा। अपाला बाय सुमित के ईयर-कफ ने एक कलात्मक, नाटकीय आकर्षण प्रदान किया, जबकि कारीगरों द्वारा तैयार की गई चूड़ियों और अंगूठियों ने पारंपरिक सौंदर्य को और गहरा किया। अपराजिता तूर की सुनहरी जूती ने उनके फेस्टिव लुक को शांति और गरिमा के साथ पूरा किया। न्यूनतम मेकअप, स्लीक हेयरस्टाइल और हल्के रंगों ने उनके व्यक्तित्व को कैमरा-फ्रेंडली और निखरा हुआ बनाया। कुल मिलाकर, कृति सैनन का यह रूप पारंपरिक और आधुनिकता का सुंदर मेल साबित हुआ।





## बेटियों को लाइमलाइट से दूर रखना चाहता हूं, सफलता अपने दम पर मिलनी चाहिए

# फरहान अख्तर

अभिनेता-निर्देशक फरहान अख्तर अपनी बेटियों शाक्या और अकीरा को लाइमलाइट से दूर रखना चाहते हैं। उनका कहना है कि दोनों बेटियों को सफलता अपनी मेहनत से हासिल करनी चाहिए, न कि परिवार की पहचान के आधार पर। फरहान ने कहा कि उनकी बेटियाँ आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी हैं तथा वे अपने फैसले स्वयं लेती हैं। उन्होंने बताया कि वे हमेशा चाहते हैं कि बेटियाँ प्रसिद्धि को हल्के में न लें और इसे अपनी क्षमता के बल पर अर्जित करें। फरहान की पत्नी शिबानी दांडेकर ने भी कहा कि दोनों लड़कियाँ समझदार और संवेदनशील हैं तथा अपने माता-पिता से मिले संस्कारों की वजह से संतुलित जीवन जी रही हैं। फरहान इन दिनों 120 बहादुर में नजर आ रहे हैं और जल्द ही फिल्म डॉन 3 का निर्देशन करने की तैयारी कर रहे हैं।

# महिला प्रीमियर लीग की मेगा नीलामी आज

## 277 खिलाड़ी होंगी शामिल; दीप्ति पर रहेंगी नजरें




### टीमों का शेष पर्स (रुपये)

| टीम | शेष पर्स (रुपये) |
|---|---|
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6.15 करोड़ |
| मुंबई इंडियंस | 5.75 करोड़ |
| दिल्ली कैपिटल्स | 5.7 करोड़ |
| गुजरात जायंट्स | 9 करोड़ |
| यूपी वॉरियर्स | 14.5 करोड़ |

### भारतीय खिलाड़ियों की होगी भारी मांग

वनडे विश्व कप जीत के बाद भारतीय खिलाड़ियों की भारी मांग होगी। टूनार्मेंट की प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट दीप्ति शर्मा पर अच्छी बोली लगने की संभावना है। उन्हें विश्व कप फाइनल के तुरंत बाद यूपी वॉरियर्स ने रिलीज कर दिया था। अगर क्रांति और चरणी जैसी युवा खिलाड़ी धनराशि के मामले में दीप्ति की बराबरी कर लें तो किसी को हैरानी नहीं होनी चाहिए। इन दोनों ने विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करके प्रभावित किया था। हरलीन देओल, रेणुका सिंह और स्नेह राणा भी नीलामी का हिस्सा हैं।

### इन विदेशी खिलाड़ियों पर नजर

विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने वाली द.अफ्रीकी कप्तान एल. वोलवार्ड्ट, नादिन डीक्लार्क, ऑस्ट्रेलिया की एलिसा हीली, मेग लैनिंग, लिचफील्ड, न्यूजीलैंड की अमेलिया केर, इंग्लैंड की एक्लेस्टोन पर बड़ी बोली लगने की उम्मीद है।

**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सत्र से पहले गुरुवार को खिलाड़ियों की मेगा नीलामी होगी। इस बार रिकॉर्ड 277 खिलाड़ी नीलामी का हिस्सा होंगी, जबकि उपलब्ध स्लॉट सिर्फ 73 हैं। नीलामी 27 नवंबर को नई दिल्ली में होगी और भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे से शुरू होगी।

महिला प्रीमियर लीग के लिए मेगा बोली गुरुवार को होगी। इसमें 277 खिलाड़ी शामिल होंगी। पांच फ्रेंचाइजी के पास 50 भारतीय खिलाड़ियों और 23 विदेशी खिलाड़ियों के लिए 73 स्लॉट उपलब्ध हैं। इस मेगा बोली का मुख्य आकर्षण महिला विश्व कप की विजेता टीम भारत की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा हैं, जिन्हें उत्तर प्रदेश ने रिलीज कर दिया था। विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट रहीं दीप्ति के पास इस बार सबसे महंगी भारतीय खिलाड़ी बनने का मौका है। विश्व कप में उनके प्रदर्शन के बाद कई फ्रेंचाइजी उन्हें टीम में लेना चाहेंगी। हालांकि, यूपी उन्हें वापस लेने के लिए आरटीएम (राइट टू मैच कार्ड) का उपयोग भी कर सकती है। अब तक स्मृति मंधाना (3.4 करोड़) टूर्नामेंट की सबसे महंगी खिलाड़ी हैं जिन्हें 2023 में बंगलूरू ने अपने साथ जोड़ा था। ऑक्शन में गेंदबाज श्री चरणी, क्रांति गौड़ और ओपनर प्रतिका रावल भी बड़ी कमाई कर सकती हैं।

# 19 साल के जवोखिमीर सिनदारोव ने रचा इतिहास

## सबसे कम उम्र के शतरंज विश्व कप चैंपियन बने



**गोवा।** उज्बेकिस्तान के युवा ग्रैंडमास्टर जवोखिमीर सिनदारोव ने इतिहास रचते हुए चीन के वेई यी को फाइनल में हराकर फिडे चेस विश्व कप अपने नाम कर लिया। टाईब्रेक में खेले गए रोमांचक मुकाबले में 19 वर्षीय सिनदारोव ने वेई यी की एक गलती का फायदा उठाते हुए अपना पहला विश्व कप खिताब जीता और इसी के साथ विश्व कप इतिहास के सबसे कम उम्र के चैंपियन भी बन गए। सिनदारोव की यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि वे इस मेगा इवेंट में 16वीं सीड के रूप में उतरे थे। वह पिछले एक साल में बड़ी चेस प्रतियोगिताओं को जीतने वाले तीसरे किशोर खिलाड़ी बन गए। 2024 में गुकेश ने विश्व चैंपियनशिप जीती थी, जबकि दिव्या देशमुख ने इस साल महिला चेस विश्व कप खिताब अपने नाम किया था। सिनदारोव और वेई यी दोनों ने कैंडिडेट्स टूनार्मेंट के लिए भी क्वालिफाई कर लिया। इनके अलावा रूस के आंद्रे एसिपेंको ने तीसरा और अंतिम स्लॉट हासिल किया।

# विमेंस ब्लाइंड टी20 विश्व कप विजेता टीम से मिले राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को ब्लाइंड टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम से नई दिल्ली स्थित 10 जनपथ में मुलाकात की। इस मौके पर राहुल गांधी ने खिलाड़ियों को विश्व कप जीत की बधाई दी। भारत ने रविवार को कोलंबो में खेले गए खिताबी मुकाबले में नेपाल के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले में नेपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 114 रन बनाए। नेपाल की तरफ से सरिता घिमिरे ने सर्वाधिक 35 रन बनाए, जबकि बिमला रानी ने 26 रन की पारी खेली। इसके जवाब में टीम इंडिया ने 12.1 ओवरों में जीत दर्ज कर ली। भारत की तरफ से फुला सरेन ने सर्वाधिक 44 रन बनाए, जबकि करुणा ने 42 रन की पारी खेली। इनके अलावा, बसंती हासंदा ने 13 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। भारत ने इस विश्व कप ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, पाकिस्तान, नेपाल और यूएसए को शिकस्त देकर खिताब जीता। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर 9 विकेट से जबरदस्त जीत हासिल की थी। इस टूनार्मेंट में टीम इंडिया ने अपने सभी 7 मैच जीते। भारतीय टीम जब खिताब जीतकर भारत लौटी, तो बेंगलुरु एयरपोर्ट पर टीम का जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर टीम ने केक काटकर जीत का जश्न मनाया। भारतीय कप्तान दीपिका ने विश्व कप खिताब जीतने पर खुशी जताते हुए कहा था, "हमें भारत को खिताब जिताकर बेहद खुशी है। पूरी टीम ने एकसाथ मिलकर शानदार प्रदर्शन किया है खिलाड़ियों ने अपनी जिंदगी में काफी मेहनत की है। यह हमारे लिए गर्व का पल है।

# गुरुवार, 27 नवम्बर राशिफल

मेष राशि से आज चंद्रमा का गोचर ग्यारहवें घर में होगा जहां ग्रहण योग भी बनेगा। ऐसे में आज का दिन मेष राशि मेष राशि के जातकों के लिए मिलाजुला रहेगा। आपको आज कारोबार में संयम और सतर्कता से काम करना होगा। आर्थिक लेन देन में आपको सतर्क रहने की जरूरत है।

वृषभ राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि आपको आज नौकरी में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आज आपको कुछ रोचक और रोमांचक काम करने का मौका मिलेगा। कोई उलझा मामला भी आज सुलझ सकता है।

मिथुन राशि के लोगों के लिए आज गुरुवार का दिन कुल मिलाकर अच्छा है। जो जातक बीमार चल रहे हैं आज उनकी सेहत में सुधार हो सकता है। दिन के दूसरे भाग मे भाग्य विशेष रूप से साथ देगा। कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों को आज कुछ लाभ के नए अवसर मिल सकते हैं।

कर्क राशि जातकों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। दिन के पहले भाग में आपको महत्वपूर्ण काम को पूरा करने का प्रयास करना चाहिए। दिन के दूसरे भाग में राहु और चंद्रमा की युति होने से आप मानसिक उलझन महसूस कर सकते हैं।

सिंह राशि के जातको के लिए आज का दिन व्यस्तता भरा रहेगा। आपके सितारे बता रहे हैं कि आज आपको दूसरों के मामलों से दूर रहना चाहिए। सामाजिक और राजनीतिक काम में आपकी रुचि रहेगी। कार्यक्षेत्र में आज का दिन अनुकूल बीतेगा।

कन्या राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज अपने व्यवहार में संयम रखना होगा। विरोधियों और शत्रुओं से भी आपको आज सतर्क रहना होगा। नौकरी में आपके सहकर्मी और सहयोगी कुछ ऐसे कर सकते हैं जिससे आपको परेशानी हो सकती है।

तुला राशि के जातकों के लिए आज का दिन शुभ और लाभदायक रहेगा। पैतृक संपत्ति से जुड़ा आपका कोई मामला चल रहा है तो आज फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। आपके सितारे बताते हैं कि आज आपको कुछ नया और रोमांचक काम करने का मौका मिलेगा।

वृश्चिक राशि के जातको के लिए आज का दिन मिलाजुला रहेगा। आपको आज नौकरी में काम की अधिकता की वजह से परेशानी हो सकती है और मानसिक तनाव भी बना रह सकता है। यदि लंबे समय से परिवार में कोई परेशानी चल रही थी तो आज वह समाप्त हो सकती है।

धनु राशि के जातकों के लिए आज का दिन अनुकूल रहेगा। लेकिन आपको आज सावधान और सतर्क रहना होगा। आज आप अपने रोजमर्रा के कामों से आगे बढ़कर किसी नए काम की शुरूआत कर सकते हैं। धनु राशि के कारोबारियों को आज कारोबार मे लाभ मिलेगा।

मकर राशि से आज चंद्रमा का गोचर कुंभ राशि में होने जा रहा है। ऐसे में आज का दिन मिलाजुला रहेगा। दिन का पहला भाग आपके लिए लाभदायक रहेगा लेकिन दिन के दूसरे भाग में आज आपको मानसिक तनाव का सामना करना पड़ सकता है।

कुंभ राशि के जातको के लिए आज का दिन नरम गरम रह सकता है। आपकी राशि में आज चंद्रमा का गोचर होने जा रहा है ऐसे में आज आपको संयम से कम लेना होगा और फैसला सोच समझकर लेना होगा। सेहत का भी आपको आज ध्यान रखना होगा, खान-पान और आहार विहार में आज लापरवाही न करें।

मीन राशि के लोगों के लिए आज का दिन लाभदायक रहेगा। लेकिन लाभ के साथ आज खर्च का भी योग बना हुआ है। वाणी और व्यवहार कुशलता से आप आज किसी उलझे हुए काम को भी सुलझा सकते हैं। धर्म कर्म के काम में आज आपकी रुचि रहेगी।



डॉ. शिल्पा जैन
(एस्ट्रोलॉजर)
मो. 942560752

# विदेशी भाषा विभाग में 15 दिवसीय व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ

एनएनआई



**आगरा।** डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के विदेशी भाषा विभाग में रूसी भाषा, साहित्य और संस्कृति पर एक 15 दिवसीय विशेष व्याख्यान श्रृंखला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 26 नवंबर से 12 दिसंबर 2025 तक चलेगा। यह कार्यक्रम रूस की आधिकारिक संस्था रोसोत्रुदनिचेस्तवा एवं दिल्ली में स्थित रूसी संस्कृति केंद्र के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

इस अवसर पर रूस से दो मूलभाषी शिक्षक मिखाईल कुजनेत्सोव और अलेक्सांद्रा वरोना विश्वविद्यालय में विशेष रूप से आए हुए हैं। दोनों शिक्षक रूसी भाषा और रूसी संस्कृति पर गहन व्याख्यान, संवादात्मक सत्र तथा प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इस पहल का उद्देश्य छात्रों को रूसी भाषा के वास्तविक प्रयोग, संवाद-कौशल और सांस्कृतिक समझ से सीधे परिचित कराना है।

डटक के निदेशक प्रो प्रदीप श्रीधर ने बताया कि यह अवसर छात्रों के लिए अत्यंत लाभदायी और महत्वपूर्ण है, क्योंकि मूलभाषी शिक्षकों के साथ प्रत्यक्ष संवाद से छात्रों की भाषाई दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

इस व्याख्यान श्रृंखला से छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाषा और संस्कृति की समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण लाभ मिलेगा। विदेशी भाषा विभाग के समन्वयक डॉ प्रदीप वर्मा ने कहा कि विभाग समय समय पर विधार्थियों के हित में ऐसे कार्यक्रम करता रहता है और भविष्य में भी करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन रुसी भाषा के शिक्षक अनुज गर्ग ने किया। कार्यक्रम में विदेशी भाषा विभाग के अन्य शिक्षक डा आदित्य प्रकाश, विशाल शर्मा, अंगद कुमार, कृष्ण कुमार तथा डॉ संदीप सिंह उपस्थित रहे।

# राधा रानी संग श्रीहरि और सियाराम के जयकारों पर झूमे श्रद्धालु

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीराम व श्रीकृष्ण प्राकट्योत्सव की कथा में हुई उपहारों की वर्षा

एनएनआई



**आगरा।** हर तरफ श्रीहरि के जयघोष से गुंजायमान कथा पंडाल में भक्ति की गंगा बह रही थी। भगवान के जन्म पर लुटाए गए उपहारों को प्रसाद स्वरूप पाने का लालसा और गोप गोपी के स्वरूप में सज धज कर पहुंचे झूमते नाचते भक्तजन मानों अयोध्या और गोकुल में उत्सव मना रहे हों। श्रीकृष्ण व श्रीराम के प्राकट्योत्सव की कथा के मौके पर पंडाल को आज गुब्बारों व सतरंगी पुष्पों से सजाया गया। बधाईयां गाई गई और शंखनाद के साथ उपहार बंटे। बाल रूप में कन्हैया के दर्शन को हर भक्त ललायित था।

बोदला, महारानी बाग में आयोजित आज श्रीमद्भागवत कथा में आज चौथे दिन श्रीराम व श्रीकृष्ण की प्राकट्योत्सव कथा का वर्णन करते हुए भगवताचार्य दिनेश दीक्षित जी ने भक्त ध्रुव व प्रह्लाद चरित्र, अजामिल और जड़ भरत की कथा का भी भक्तिमय वर्णन किया। कहा कि भक्त ध्रुव व प्रह्लाद की कथा हमें दृढ़निश्चय और विश्वास से हर बाधा को पार करने का साहस प्रदान करती है। ईश्वर का नाम जीवन में किसी भी क्षण मोक्ष का द्वार खोल सकता है। वहीं जड़ भरत की कथा के माध्यम से आत्मा और परमात्मा के वास्तविक सम्बंध के बोध की व्याख्या की। समुन्द्र मंथन की कथा के माध्यम से बताया की जीवन में अमृत सबसे अंत में मिलता है। और शिव की तरह पुजने के लिए विषपान करना पड़ता है। गोमाता की महिमा को गैय्या लागत अति प्यारी, जग पालन हारी... भजन के माध्यम से बताया। सरिता अग्रवाल नन्दबाबा, भूमि राघव यशोदा बनी। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओम बिहारी, राजीव सोलंकी, डॉ. विपिन कुमार, हेमन्त चलनी वाले, धर्मवीर सिंह, लाल सिंह लोधी, अशोक शर्मा, आशा, दिलीप स्वामी, भूपेन्द्र सिंह परिहार, सुधाकर त्यागी, नीरज जैसवाल, कृष्णा, विनोद कौशिक, वीना, स्नेहलता, प्रीति राना, बृजेश चंद शर्मा, त्रिलोकी नाथ आदि उपस्थित थे।

# भारतीय संविधान विश्व में सबसे विस्तृत और महत्वपूर्ण : प्रो.आशु रानी

## विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर पुस्तक प्रदर्शनी हुई आरंभ



एनएनआई

**आगरा।** डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (पूर्ववर्ती आगरा विश्वविद्यालय) में 26 नवंबर को भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष्य में पालीवाल पार्क परिसर स्थित एस.आर. रंगनाथन केंद्रीय पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। शुरूआत व अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. आशु रानी ने की। प्रदर्शनी 26 नवंबर से 2 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। कुलपति प्रो. आशु रानी का कहा कि भारतीय संविधान विश्व में सबसे विस्तृत और महत्वपूर्ण है। यह समाज के प्रत्येक धर्म, वर्ग और जाति को समानता का अधिकार प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के इस पुस्तकालय में आपको संविधान से जुडी ऐसी तमाम पुस्तकें देखने को मिलेंगी, जहां अन्यत्र बहुत मुश्किल से मिलती हैं। इस प्रदर्शनी का विद्यार्थी और विद्वान अधिक से अधिक लाभ उठाएं और संकलित तथ्यों के आधार पर शोध की दिशा में बढ़ें, तो इस प्रदर्शनी के आयोजन का उद्देश्य सिद्ध हो जाएगा। प्रदर्शनी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को संविधान के ऐतिहासिक महत्व, उसके विकास और लोकतांत्रिक मूल्यों से जोड़ना है। अधिक से अधिक छात्रों से प्रदर्शनी में शामिल हों। पुस्तक प्रदर्शनी में विभिन्न विषयों पर आधारित दुर्लभ पुस्तकें, संविधान से संबंधित मूल दस्तावेज, व्याख्यात्मक ग्रंथ और शोध सामग्री आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। कार्यक्रम में लाइब्रेरी अध्यक्ष प्रो. मोहम्मद अरशद, डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. के.के. केसरवानी और डॉ. सुनील उपाध्याय आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

